दैनिक

# एशियन रिपोर्टर

RNI NO. MPHIN/2013/54854

www.asianreporter.online

एशियन रिपोर्टर समूह
Since 1994
मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से प्रकाशित साप्ताहिक एवं दैनिक समाचार पत्र, ई-पेपर, न्यूज़ पोर्टल, और यूट्यूब चैनल से जुड़कर निष्पक्ष, निर्भीक, राष्ट्रवादी पत्रकारिता करें । मध्य प्रदेश के सभी जिलों, तहसीलों और नगरों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करें
केवल व्हाट्सएप
8349212122

वर्ष : 12, अंक -233 | संपादक : कल्याण मल जैन | भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025 | प्रधान संपादक : सुश्री मैना जैन | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने समापन सत्र को एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने सांसद एवं विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग के द्वादश सत्र को संबोधित किया

# जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही भाजपा की ताकत : राजनाथ सिंह







**भोपाल/पचमढ़ी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सांसद एवं विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने द्वादश सत्र को संबोधित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी सांसद और विधायक हमेशा संगठन से जुड़े रहें, क्योंकि संगठन तब भी था, जब सत्ता नहीं थी। कार्यकताओं को सम्मान दें और उनकी बात सुनें, क्योंकि भाजपा की असली ताकत जनता का भरोसा और कार्यकताओं का परिश्रम ही है। जनता की सेवा हमारे डीएनए में है, हम जनसेवक हैं शासक नहीं है। जनता का भरोसा और कार्यकताओं का परिश्रम ही भाजपा की असली ताकत है। जनता का भरोसा जीतें और हर संकट के समय सबसे पहले जनता के बीच पहुंचें। अपनी सोच को बड़ा रखिए, अपनी दृष्टि को बड़ा कीजिए। महापुरूषों की विचारधारा को आगे बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करें। हमारा उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, जनता की सेवा है, इसलिए हमने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं इसलिए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी। हमारे लिए राष्ट्र निर्माण और विचारधारा सबसे प्रथम है। मध्यप्रदेश का आदर्श कार्यकर्ता है, कभी मयार्दाएं नहीं तोड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करके राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया जा सकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी रक्षा उपकरण के प्रयोग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी की विचारधारा राष्ट्र निर्माण करने वाले

## संगठन द्वारा सौंपे गए हर कार्यो को हम पूरी निष्ठा से संपन्न करते हैं- डॉ. मोहन यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा सरकर का या संगठन का जो भी दायित्व हम कार्यकर्ताओं को सौंपा जाता है, हम लोग उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करते हैं। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की परम्परा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति के चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करके राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया जाता है। यह प्रक्रिया व्यक्ति को समाज में एक जिम्मेदार नागरिक बनाती है और व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब व्यक्ति अपने चरित्र, मूल्यों और क्षमताओं का विकास करते हैं, तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकते हैं। मध्यप्रदेश में श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एवं स्वर्गीय राजमाता सिंधिया ने अलग पहचान बनाकर पार्टी के विस्तार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आंतकवाद को नेस्तानाबूत करके दुनिया में एक अलग पहचान बनाई है। भारतीय जनता पार्टी ने विकास से लेकर विरासत को संजोया है, हमने इंदौर व पंचमढ़ी में कैबिनेट बैठक आयोजित की। मध्यप्रदेश ने अनेकों निवेश के अवसर खोजे हैं। मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है।*

विचारों की श्रृखला है। पंच निष्ठाएं हमारे वैचारिक अधिष्ठान और राष्ट्रीय चेतना जागृत करने का आह्वान भी है। देश के इतिहास, धर्म, परंपरा और संस्कृति को आगे ले जाने के लिए भाजपा का गठन हुआ है। भाजपा की यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं- प्रशिक्षण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण की परंपरा सतत और प्राचीन है। यह पार्टी की कार्यशैली का अंग है। आज भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है और उसकी एक अलग पहचान है। लेकिन पार्टी की इस विकास यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं। ये हैं-प्रशिक्षण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण की भावना। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग आप सभी के लिए पार्टी की वैचारिक यात्रा को समझने और आत्मसात, आत्मचिंतन करने का अवसर है। राजनाथ सिंह ने कहा कि श्रद्धेय अटलजी ने कहा था कि सत्ता प्राप्ति का उद्देश्य सिर्फ राष्ट्रसेवा होना चाहिए। हमारी जिस वैचारिक यात्रा का शुभारंभ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने किया था वह आज भी जारी है और हमारे लिए राजनीति राष्ट्रनिर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी यह यात्रा आज भी चल रही है और भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन हमने अपनी विचारधारा और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। हमारी नीयत और नीतियां आज भी वही हैं। हम अपने मूल विचार से भटके नहीं हैं। हमें जनसेवा को सबसे बड़ी साधना बनाना है भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज जहां पहुंची है, उसमें हमारे पूर्वजों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पं.दीनदयाल जी ने हमें एकात्म मानववाद दिया, श्रद्धेय अटलजी ने हमें संयम सिखाया और श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। सभी जनप्रतिनिधियों को जनसेवा को सबसे बड़ी साधना बनाना है। यह प्रशिक्षण वर्ग इसी संकल्प को पुष्ट करने के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा राष्ट्र प्रथम की रही है। पं. दीनदयाल जी चुनाव हार गए, लेकिन उन्होंने अपने विचारों, सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। आप कभी ऐसा आश्वासन न दें, जो पूरा न किया जा सकता हो और सिद्धांतों से समझौता न करें। यह प्रशिक्षण वर्ग इन सिद्धांतों की पुनरावृत्ति के लिए नहीं है, बल्कि उन्हें आज की जरूरतों के अनुरूप बनाने के लिए है। हमें यह लगातार चिंतन करना होगा कि संगठन कैसे मजबूत हो, संवाद कैसे गहरा हो, हमारी विचारधारा और पारदर्शिता को कैसे बनाए रखा जाए। शालीनता, विनम्रता और दृढ़ता के साथ राजनीति करें और याद रखें हम सिर्फ कानून बनाने या बदलने वाले नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी बदलने वाले हैं। आपको जो पद मिला है, वह वास्तव में बड़ी जिम्मेदारी है, जनसेवा के लिए है। वह भारत को शक्तिशाली, विकसित और समावेशी राष्ट्र बनाने के लिए है। **विकसित भारत हमारा संकल्प-** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने कहा कि विकसित भारत हमारा लक्ष्य नहीं, बल्कि संकल्प है। भारत को आत्मनिर्भर, समावेशी और गौरवशाली राष्ट्र बनाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। देश आज सुरक्षित है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था 11 वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंचने जा रही है और ये बात सिर्फ आंकड़ों की नहीं है, बल्कि बदलाव जमीन पर दिखाई देता है। देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में अब हम एक निर्यातक देश के रूप में उभर रहे हैं। भारत अपनी संप्रुभता और अखंडता की रक्षा करने में कोई समझौता नहीं करेगा।

## न्यूज. ब्रीफ

### विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हुआ था। सोमवार को उनका शव परिजनों को सौंपा गया। इसके बाद शव चार्टर्ड प्लेन के जरिए राजकोट लाया गया। पुलिस सुरक्षा के बीच कई रास्तों से गुजरते हुए रूपाणी का पार्थिव शरीर उनके राजकोट वाले घर प्रकाश सोसाइटी (निर्मला रोड) लाया गया। यहां करीब एक घंटे तक अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। इसके बाद रामनाथ परा श्मशान घाट ले जाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। विजय रूपाणी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल देवव्रत आचार्य, गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल समेत कई नेता शामिल हुए।

### पैसेंजर ट्रेन के कोच में आग लगी

**पुणे।** महाराष्ट्र के दौंड से पुणे आ रही डेमू ( डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन में आग लग गई। यह हादसा सुबह 7:05 बजे हुआ। ट्रेन के टॉयलेट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। आग लगने के वक्त एक व्यक्ति टॉयलेट में फंसा हुआ था। दरवाजा लॉक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पा रहा था। जैसे ही यात्रियों ने उसकी आवाज सुनी और धुआं उठता देखा, कुछ लोगों ने तुरंत टॉयलेट का दरवाजा तोड़ दिया और व्यक्ति को बाहर निकाल लिया।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका... 4 महिलाओं के चीथड़े उड़े

- एक महिला पहले दिन नौकरी पर गई थी, शव को पहचानना मुश्किल, 12 झुलसे



**अमरोहा।** अमरोहा में एक पटाखा फैक्ट्री में सोमवार दोपहर 12.30 बजे भीषण ब्लास्ट हो गया। हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहीं 4 महिलाओं की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला की नौकरी का सोमवार को पहला दिन था। हादसे में 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें 6 की हालत नाजुक है। घायल पगडंडी पर बैठे तड़पते नजर आए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री की इमारत और टीनशेड पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गए। महिलाओं के शव इस कदर जल गए कि उनकी पहचान करना मुश्किल था। धमाके के बाद शव इधर-उधर बिखर गए। शवों का इकट्ठा करके फैक्ट्री के बाहर टीन पर रख दिया और उसे गत्ते से ढक दिया।

## अतरासी गांव से 2 किमी दूर जंगल में फैक्ट्री

*पटाखा फैक्ट्री अतरासी गांव से 2 किमी दूर जंगल के बीच में थी। फैक्ट्री में सुबह करीब 25 महिला और पुरुष काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी मजदूर के बच्चे ने फुलझड़ी जला दी। इसके बाद पास में रखे पटाखे और बारूद में आग लग गई। धमाके इतनी तेजी से हुए कि अंदर काम कर रहे लोगों को बाहर निकलने तक का वक्त नहीं मिला। करीब 15 मिनट तक ब्लास्ट होते रहे। धमाके के बाद फैक्ट्री का मलबा 300 मीटर दूर तक फैल गया। धमाके की आवाज और धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचीं। डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद मौके पर पहुंचे।*

## वज्रपातः बिजली गिरने से 65 की मौत

# उप्र में 38, गुजरात में 17, मप्र में 10 मरे



**नई दिल्ली।** पिछले एक सप्ताह से अटका मानसून दोबारा सक्रिय हो गया है। केरल, महाराष्ट्र सहित कई राज्य में भारी बारिश के चेतावनी जारी की गई है। उधर मुंबई में भी मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज महाराष्ट्र के लगभग 12 जिलों में भारी बारिश अलर्ट जारी किया गया है, वहीं पिछले 24 घंटों में तीन राज्यों में बिजली गिरने से 65 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले एक सप्ताह से मानसून के अटक जाने से उत्तर भारत सहित देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया था, लेकिन मानसून के आगे बढ? से तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। उधर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दिल्ली एनसीआर सहित कई राज्यों में आंधी-तूफान का क्रम जारी है। उत्तरप्रदेश में बिजली गिरने से सर्वाधिक 38 लोगों की मौत हुई है, वहीं गुजरात और मध्यप्रदेश में भी पिछले 24 घंटे में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की घटनाओं में 27 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें गुजरात में 17 , जबकि मध्यप्रदेश में 10 लोग वज्रपात का शिकार हुए है। मध्यप्रदेश में एक साथ दो सिस्टम सक्रिय होने से पिछले दो-तीन दिन में भारी बारिश की संभावना है।

## कोरोना से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा मौतें

# जबलपुर में डिलीवरी के बाद महिला की जान गई , देशभर में 7264 एक्टिव केस



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को 11 मरीजों ने जान गंवाई। केरल में 7 और दिल्ली, छत्तीसगढ़, एमपी, महाराष्ट्र में 1-1 मौत हुई है। शनिवार को 10 मौतें हुई थीं। कोविड के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 7264 एक्टिव मरीज हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1920 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1433 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला है, जबकि 119 मरीज रिकवर हुए हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को बच्चे को जन्म देने के एक दिन बाद महिला (27 साल) की कोविड से मौत हो गई। कोरोना के नए वैरिएंट से जनवरी 2025 से अब तक 108 मौतें हुई हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा- हमने कोरोना से निपटने के लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं।

## जनगणना का नोटिफिकेशन जारी

# पहला फेज अक्टूबर-2026 से चार राज्यों में, बाकी राज्यों में 1 मार्च 2027 से



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सोमवार को जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दी है। केंद्र सरकार दो फेज में जातीय कराएगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक, पहले फेज की शुरूआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी। इसमें 4 पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।1 मार्च 2027 से दूसरा फेज शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी। केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं।

### 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके स्ट-स्ड्ड हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं।

# पिकअप पलटी, 5 लोगों की मौत

**सारण।** सारण में सोमवार की सुबह सडक हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। 15 से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा है। घायलों में 2 की हालत गंभीर है। दोनों को पटना रेफर किया गया है। हादसा छपरा-हाजीपुर एनएच-19 पर हुआ। नयागांव थाना क्षेत्र के बाजितपुर फोरलेन पर पिकअप वैन पलट गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी की स्पीड ज्यादा थी। बाजितपुर के पास अचानक पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट कर गया, जिससे गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई।

# केंद्रीय मंत्री पुरी ने किसे कहा, किराए के टट्टू...इन पर ध्यान नहीं दें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन से पहले खालिस्तानी समर्थकों पर तीखा हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने इन प्रदर्शनकारियों को किराए के टट्टू करार देकर कहा कि इन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, इनका एक और वीडियो कल वायरल हो रहा है। ये लोग पड़ोसी देश (पाकिस्तान) से पैसा लेते हैं, लेकिन जब फंडिंग नहीं मिली, तब वे उसी के खिलाफ हो गए। इन किराए के टट्टुओं को गंभीरता से मत लीजिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साइप्रस की यात्रा के बाद 16-17 जून को कनाडा के कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने जाएंगे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर यह उनकी छठी लगातार जी-7 भागीदारी होगी। पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा, यह शिखर सम्मेलन वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श का अवसर प्रदान करेगा। मैं भागीदार देशों के नेताओं के साथ भी चर्चा के लिए उत्सुक हूं।

## एफएटीएफ | पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट से हटाने वाले एफएटीएफ ने कहा

# पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

- ऐसे हमले सिर्फ बंदूक-बारूद से नहीं होते, इनके पीछे फाइनेंशियल नेटवर्क



**नई दिल्ली।** ग्लोबल टेरर वॉचडॉग फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमला में आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसमें टेरर फंडिंग की गई है। एफएटीएफ का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया है। ग्लोबल टेरर वॉचडॉग ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, उन्हें अंपग बनाते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा सकता है। एफएटीएफ की एशिया-पैसिफिक ग्रुप की बैठक 25 अगस्त को होनी है। इसके बाद एफएटीएफ के वर्किंग ग्रुप की बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इन बैठकों से पहले भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक डोजियर तैयार कर रहा है। इसमें बताएगा कि पाकिस्तान कैसे फंडिंग का आतंकी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग में इस्तेमाल कर एफएटीएफ के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। 2022 में हटाया था पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट स 2018 में पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था। तब उसने मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग पर लगाम लगाने के लिए एक एक्शन प्लान दिया था। इसके बाद 2022 में एफएटीएफ ने पाकिस्तान को इस ग्रे लिस्ट से हटा दिया था। सूत्रों ने कहा कि भारत सरकार, एंटी मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग नियमों का पालन करने में विफल रहने के कारण पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डालने के लिए एफएटीएफ के सामने मजबूत केस रखेगा। एफएटीएफ की साल में तीन बार (फरवरी, जून और अक्तूबर ) मीटिंग होती है।

### पाकिस्तान के बेलआउट पैकेज का भी विरोध

*भारत सरकार ने इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के 9 मई को पाकिस्तान को दिए गए 2.4 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज का भी विरोध किया था। इसके बाद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने बेलआउट पैकेज की अगली किस्त जारी करने को लेकर पाकिस्तान के सामने 11 नई शर्तें रखी हैं। नई शर्तों में फेडरल बजट के लिए पार्लियामेंट्री अप्रूवल, बिजली बिलों पर हायर डेट सर्विसिंग सरचार्ज और पुरानी यूज कारों पर प्रतिबंध हटाना शामिल है।*

## एअर इंडिया का विमान हॉन्गकॉन्ग लौटा

# तकनीकी खराबी बताई गई




**नई दिल्ली।** हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट सोमवार को वापस लौट गई। इसमें तकनीकी खराबी की बात सामने आई है। यह उड़ान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की थी। वहीं, रविवार को भारत आ रहे बोइंग के दो ड्रीमलाइनर प्लेन भी बीच रास्ते से लौट गए थे। इनमें से एक फ्लाइट लंदन से चेन्नई और दूसरी जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही थी। दोनों की सोमवार को लैंडिंग होनी थी। ब्रिटिश एयरवेज के चेन्नई आ रहे बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को तकनीकी खराबी के चलते लौटना पड़ा। लुफ्थांसा एयरलाइन (जर्मनी) के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके चलते प्लेन को लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली और लौटना पड़ा। अहमदाबाद में 12 जून बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान दो मिनट में क्रैश हो गया था। इसमें पायलट-क्रू समेत 242 लोगों में से 241 की जान चली गई थी। हादसे में सिर्फ एक पैंसेजर बचा।

## किसान संगठनों की बैठक में हुए निर्णय, सभी ने कहा मूंग खरीदी की नीति स्पष्ट हो

### कहा किसान हित में सभी संगठन आंदोलन में होंगे शामिल

**नर्मदापुरम।** शहर के एक निजी गार्डन में रविवार को सभी किसान संगठनों की एक बैठक आयोजित की गई । राष्ट्रीय मजदूर किसान महासंघ के आव्हान पर संयोजक जितेंद्र भार्गव के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मूंग खरीदी की स्पष्ट नीति सहित प्रति हेक्टेयर 15 कुंटल खरीदी सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई । सभी संगठनों ने मिलकर कहा कि किसान हित में आंदोलन में सभी साथ होंगे। इस दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ , राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन , किसान स्वराज संगठन ,भारतीय किसान यूनियन, किसान महापंचायत , मप्र ग्राम उदय से भारत उदय सहित अन्य संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए और एक स्वर में किसान हित में सभी ने मिलकर आवाज उठाने की बात कही। इसके साथ ही कहा कि बारिश के देखते हुए उपार्जन केंद्र बनाए ज्यादा बनाए जाएं और सभी केंद्रों पर सर्वेयर के साथ एक किसान प्रतिनिधि रखा जाए। वहीं जिन किसानों ने मूंग मंडी में बेच दी है उन्हें भावांतर योजना का लाभ मिले। साथ ही खाद किसानों को जल्दी उपलब्ध कराई जाए । सभी संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द अपनी स्पष्ट नीति के आदेश निकाले जिससे मूंग खरीदी में किसानों को कोई दिक्कत ना हो। संयुक्त किसान मोर्चा ने निर्णय लिया है कि किसानों के हित के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ी जाएगी।

# प्रधानमंत्री सड़क से गुजर रहे बड़े-बड़े वाहन और रेत से भरे डंफर, बछिया हुई डंफर से घायल

### खरगावली आरटीओ कार्यालय के सामने से गुजर रहे ट्रक और डंफर,ग्रामीणों को आवागमन में होती है असुविधा





**जगदीश अहिरवार रायसेन।** केंद्र व राज्य सरकार बड़े-बड़े वाहनों के लिए बाईपास और फोन लेन सड़क का निर्माण लगातार तेजी से कर रही है। वहीं हजारों करोड़ों की लागत से बंसल कंपनी द्वारा विदिशा सागर रायसेन होते हुए भी मार्ग बनाया जा रहा है लेकिन अपनी दूरी को कम करने और डीजल बचाने के चक्कर में बड़े-बड़े ट्रक रेत से भरे डंफर विदिशा पहुंचने के लिए ग्रामीण क्षेत्र का रास्ता अपनाते हैं। जिससे गांव के ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ता है। वही सिंगल पट्टी रोड पर साइड से निकलने में काफी समस्या का होती कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। जानकारी अनुसार बता दें कि जिला मुख्यालय रायसेन से 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम खरगावली जिला परिवहन कार्यालय के सामने से यह बड़े-बड़े रेत के डंपर ट्रक गुजरते हैं इन पर शासन प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं होती है। वही एक बछिया का भी एक्सीडेंट हो गया जिससे वह घायल हो गई। ग्रामीणों की मांग है कि यह प्रधानमंत्री सड़क हम ग्रामीण जनों के लिए मुख्य मार्ग पहुंचने के लिए बनाई गई है लेकिन इस पर बड़े-बड़े ट्रक डंफर निकलते हैं जिससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से उक्त सड़क बनाई गई है बड़े-बड़े गड्ढे भी इन डंफर वालों की वजह से हो जाते हैं लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इन डंफरों को हाईवे से निकला जाए यहां से बंद कराया जाए आने वाले समय में दुर्घटनाएं और अधिक बढ़ भी सकती हैं। **आईटीओ कार्यालय के सामने से निकलते हैं वाहन:-** जिला परिवहन कार्यालय के सामने से ही बड़े-बड़े वाहन गुजर जाते हैं लेकिन विभाग का अमला हाथ पर हाथ रखे बैठा रहता है। इन पर कभी कोई कार्रवाई नहीं करता है जबकि इन वाहनों को हाईवे से होकर निकलने के लिए परमिट दिए जाते हैं ना कि ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों से। इन पर कार्यवाही की मांग को लेकर ग्रामीण शिकवा शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहे हैं। **प्रधानमंत्री योजना से बनाई गई सड़क:-** खरगावली से लेकर कानपोहरा डाबरा इमलिया पाली मुरेल होते हुए यह सड़क विदिशा से जुड़ती है एक जिले से दूसरे जिले को जोड़ने वाली सड़क ग्रामीणों की जन सुविधा के दृष्टिगत के माध्यम से बनाया गया है। लेकिन इस सड़क का उपयोग बड़े-बड़े डंपर ट्रक अपने मतलब के पीछे यहां से विदिशा पहुंचने का कार्य करते हैं। जिससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है और बरसात के समय में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ेगा। शासन प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए साथ ही इन बड़े वाहनों पर रोक लगाना चाहिए जिससे कोई आप्रिय घटना घटित ना हो सके।

## जननी एक्सप्रेस आसमान पर या जमीन पर

### मरीज परेशान जिम्मेदार मालामाल

**नियम विरुद्ध हो रहा है जननी एक्सप्रेस का संचालन**



**बाड़ी।** जिला अस्पताल से संचालित होने वाली जननी एक्सप्रेस सेंटर बाड़ी, सुल्तानपुर, अब्दुल्लागंज, सांची, मंडीदीप कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है न सड़कों पर है न ही अस्पतालों में फिर सवाल यह उठ रहा है जननी को सुरक्षा देने वाली स्कीम परेशानी का कारण बन गई है जानकार बताते हैं कि जिला अस्पताल से संचालित होने वाली जननी एक्सप्रेस जिले में कितने किलोमीटर प्रतिदिन सफर कर रही है यह सवाल खड़ा हो रहा है गाड़ी चल रही है या बिल वाउचर बना रहे तेल के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है पुराने रिकॉर्ड को उठाकर देखा जाए तो जननी एक्सप्रेस की गति पूरी तरीके से रुक गई है 10000 किलोमीटर का सफर करने वाली जननी अब जमीन पर कितनी चल रही है यह जांच का विषय बना हुआ है जानकार बताते हैं कि नियंत्रण और कंट्रोल करने वाले अधिकारी इस व्यवस्था में भागीदार भूमिका अदा कर रहे यह जांच का विषय है कि कितने वाहन अधिकारियों के कोटे से लगे हैं और कितने 108 कर्मचारी नियंत्रण करने वाले कर्मचारियों के लिए जो जांच का विषय बना हुआ है यहां यह सुविधा अस्पतालों में दी गई है सेक्टर और पॉइंट दिए गए हैं वहां पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है लोग परेशान हैं लोगों की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है इस सुविधा के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है हम आपको जमीनी हकीकत से रूबरू कर रहे हैं जांच का तरीका अनुबंध पत्र जो किराए नामे के रूप में मालिक से लिया जाता है उसकी जांच की जाना चाहिए की कितनी कर्मचारी और कितने जिम्मेदार अधिकारियों की इस व्यवस्था में हिस्सेदारी है इसको इस एंगल से भी जांच करना चाहिए की कर्मचारियों के रिश्ते नाते के साथ उनके करीबियों की कितने वाहन सेवा कार्य कर रहे है इसमें जो चौंकाने वाले तथ्य आएंगे उसमें प्रमुख जिम्मेदार अधिकारी और 108 सेवा कक्ष में कार्य करने वाले कर्मचारियों का सीधा रिश्ता और हिस्सेदारी का मामला सामने आएगा 108 सड़क पर बोल रही है या तेल ही खा रही है यह भी जांच का विषय है पूर्व में यह सुविधा 10000 किलोमीटर का सफर करती थी जो अब कछुआ चाल चल रही है सवाल यह भी है चल भी रही है या नहीं क्योंकि तेल के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है बिल वाउचरों की प्रमाणिक दस्तावेज और जिम्मेदार नियंत्रण अधिकारी और मूल्यांकन अधिकारी की मासिक रिपोर्ट की जांच की जाए। **108 जननी सुविधा कहां-कहां** - 108 जननी सुविधा आम लोगों को नहीं मिल रही है यह सुविधा कहां से संचालित हो रही है यह गंभीर विषय है अस्पतालों में यह वाहन उपलब्ध नहीं है। सेक्टर ब्लॉक एवं नगर स्तर पर यह सुविधा किसके नियंत्रण में है इसकी जांच की जाए की जाएं की उक्त सुविधा का लाभ लोगों को क्यों नहीं मिल गया सेक्टर पर वहान नहीं है और लाखों रुपए का तेल भुगतान हो रहा हैं। जय अंबे ने जब से वेंडर पर वाहन किराए पर दिए हैं तब से यह सुविधा सड़कों से गायब हो गई है अब सवाल यह उठता है कि यह सुविधा का लाभ मिल किसको रहा है और लाखों रुपए का बजट जा कह रहा है फिर लाखों रुपए के बिल वाउचरों का भुगतान किस आधार पर हो रहा है यह जांच का विषय बना हुआ है ।जिम्मेदार अधिकारी सुविधा के नाम पर मलाई खा रहे हैं लोग चर्चा कर रहे हैं सरकार सो रही है नौकरशाही मलाई खा रहे हैं । लोगो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विभाग के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से 108 सुविधा के नाम पर हो रही मनमानी की जांच करने की मांग की है।

## मोदी के सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण

### विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन संपन्न



**बाड़ी।** नरेंद्र मोदी जी के सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा रविवार को स्थानीय सुमित्रा रतन श्री मैरिज गार्डन गार्डन में प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अनिल सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल महामंत्री नेपाल सिंह राजपूत द्वारा की गई। मुख्य अतिथि सोनी ने कार्यक्रम को संबोधित रूप करते हुए कहा कि सन 2014 से पहले भारत की क्या स्थिति थी और आज 2025 में भारत की क्या स्थिति सभी इससे भली भांति परिचित हैं अब यह पहले जैसा भारत नहीं रहा की कोई भी आतंकवादी आतंकी घटनाओं को अंजाम देकर भाग जाता था अब ऐसा भारत है जो भी कोई भारत में आतंक फैलाएगा उसका मारा जाना निश्चित है हाल ही में भारत में आतंकवादियों को किस प्रकार सबक सिखाया है अब कोई भी आतंकवादी भारत में घुसने से पहले 10 बार सोचेंगे पहले हमारे पास स्वदेशी हथियार उपलब्ध नहीं थे लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं तब से स्वदेशी हथियार बनाना आरंभ हो गया है इसका अब भारत निर्यात भी करने लगा है भारत अब आत्मनिर्भर देश बन चुका है भारत विकास के मामले में भी अब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेश पाल एवं आभार मंडल उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे सभी कार्यकताओं द्वारा देश की एकता अखंडता के प्रति संकल्प लिया एवं संकल्प पत्र भरकर जमा किया।

## विहिप बजरंग दल के कार्यकताओं ने ली त्रिशूल दीक्षा

### सनातन धर्म की रक्षा का लिया संकल्प



**सिरोंज।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा त्रिशूल दीक्षा का जिला स्तरीय आयोजन अनंत श्री गार्डन में हुआ जिसमें जिले भर से संगठन के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए पिछले कई दिनों से विहिप बजरंग दल के अधिकारी त्रिशूल दीक्षा के लिए पंजीयन करा रहे थे रविवार को जिले के करीब दस प्रखंडों से कार्यकर्ता अपने अपने निजी साधनों से एकत्रित हुए और त्रिशूल दीक्षा कर सनातन धर्म सहित बहन बेटियों , गौ माता की रक्षा करने का संकल्प लिया मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम दरबार में चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रजलित कर हुआ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने कार्यकताओं को अपने उद्बोधन में बताया कि हिंदू धर्म पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लड़ने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की स्थापना हुई है हमारा इतिहास शौर्य का इतिहास रहा हैं हमारे पूर्वजों ने अपने बाहुबल से विश्व विजेता सिकंदर को भी परास्त किया हमारी वीरता और शौर्य के इतिहास को हमे पढ़ाया नहीं गया शौर्य भाव जागरण के लिए हमे हमारे पूर्वजों के शौर्य के इतिहास को पढ़ना चाहिए साथ हिंदू बहन बेटियों की रक्षा गौ माता की रक्षा करना ही बजरंग दल का मुख्य उद्देश्य है साथ ही समय-समय पर होने वाले आपदाओं पर बजरंग दल के कार्यकर्ता सेवा के लिए उपस्थित हो जाते हैं इसी के निमित्त हमें त्रिशूल दीक्षा के माध्यम से स्वयं की रक्षा हिंदू बेटियों की रक्षा गौ माता की रक्षा करना है ऐसा संकल्प दिलाया लगभग 1500 की संख्या में कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और जय श्री राम के उद्घोष के साथ भारत मां की जय के जय कारों के साथ कार्यकताओं ने त्रिशूल दीक्षा करी एवं संकल्प लिया साथ ही मंच पर प्रांत के गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने भी अपने उद्बोधन में बताया कि गौ माता आज लाचार विवश सड़कों पर घूम रही है बजरंग दल के कार्यकर्ता ही अपनी जान जोखिम में डालकर गौ माता की सेवा करते हैं और गौ माता को कत्ल खानों में पहुंचने से बचाते हैं आगे भी बजरंग दल सेवा करता रहेगा साथ ही अन्य अतिथि जिसमें विभाग संयोजक सचिन यादव, राकेश सक्सेना, सुनील यादव, जगदीश शाक्य मौजूद रहें मंच का संचालन कर रहे अभिषेक शर्मा अंत में आभार व्यक्त रोहित यादव द्वारा किया गया

**वाहन रैली के माध्यम से दिया एकजुटता का संदेश -** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा के उपरांत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता अपनी-अपनी बाइक एवं चार पहिया वाहनों से रैली निकाली रैली आनंद श्री गार्डन से होते हुए मुख्य बाजारों से होते हुए पुनः आनंद श्री गार्डन पर समापन हुई आपको बता दें की रैली में कार्यकर्ता जयकारों के साथ और त्रिशूल हाथ में लिए बड़े ही जोश के साथ जयकारे लगा रहे थे एवं एकजुट का संदेश दे रहे थे इस दौरान विभाग सत्संग प्रमुख सुरेन्द्र राजपूत , जिला उपाध्यक्ष मुकेश सेन , हरिशंकर झा, अर्जुन शाक्य , प्रदीप राठौर , अन्नू यादव , विनोद शर्मा , बसंती लाल कुशवाह , अनिल राठौर , तुलसीनारायण शाक्य , अशोक साहू, गुलाब सिंह, गौरव जड़िया, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

## विकसित भारत सेवा संकल्प के तहत कार्यशाला हुई आयोजित



**सिलवानी।** आदिवासी अंचल प्रतापगढ़ में आयोजित विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन,गरीब कल्याण के 11 सालर कार्यशाला आयोजित की गयी जिसमे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के अद्भुत, प्रेरणादायक और राष्ट्रनिर्माण के युगांतकारी नेतृत्व में भारत ने जो ऐतिहासिक उपलब्धियाँ और निर्णायक परिवर्तन देखे हैं। उन पर विस्तार से चर्चा की गई,और अहमदाबाद में हुए अत्यंत दुःखद विमान हादसे में काल के गाल में समाये अपनों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बैठक प्रभारी राजेन्द्र ठाकुर,भाजपा नेता दीपक सिंह रघुवंशी,मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर,छोटू पटेल,दिनेश पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश राय ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपक रघुवंशी ने कहा कि आज भाजपा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों किसान,महिलाओं,मजदूरों के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यशाला में जनप्रतिनिधिगण, सरपंचगण, जनपद सदस्य, बूथ अध्यक्ष, मंडल एवं जिला पदाधिकारीगण सहित कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## सोयाबीन की बुवाई 9 इंच के स्थान पर 12 व 14 इंच पर करें : डॉ.स्वप्निल दुबे

### फसल विविधीकरण के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादन पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



**रायसेन।** कृषि विज्ञान केन्द्र रायसेन द्वारा फसल विविधीकरण के अंतर्गत धान फसल के साथ-साथ सोयाबीन फसल उत्पादन पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ. स्वप्निल दुबे, डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी,रंजीत सिंह राघव व सुनील कैथवास उपस्थित थे। प्रशिक्षण में कृषकों को संबोधित करते हुए डॉ. स्वप्निल दुबे ने कहा कि सोयाबीन की उन्नत किस्म एन.आर.सी.-142, एन.आर.सी.-150, जे.एस. 2172, जे.एस. 2303, जे.एस. 2309 एवं रैज्ड बैड पद्धति व मेढ़ नाली पद्धति पर बुवाई करके सोयाबीन सोयाबीन का अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है। सोयाबीन की बुवाई 9 इंच के स्थान पर 12 व 14 इंच पर करने की सलाह दी गयी, जिससे सोयाबीन की बढ़वार अच्छी होने से उत्पादन अधिक आता है। इन पद्धति से बुवाई करने पर कम वर्षा की स्थिति में मेढ़ में नमी संचित रहती है एवं अधिक वर्षा की स्थिति में नाली से वर्षा का जल निकल जाता है। वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी द्वारा सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से बचाव हेतु बुवाई पूर्व बीजोपचार थायोमिथाक्जाम 30 एफ.एस. मात्रा 10 मिली प्रति किलो बीज या इमिडाक्लोप्रिड 48 एफ.एस. मात्रा 1.25 मिली प्रति किलो बीज की दर से बीज उपचार करने क की सलाह दी गई। सोयाबीन के प्रमुख कीट ब्लू बीटल, तना मक्खी, सफेद मक्खी, सेमी लूपर, गर्डल बीटल एवं प्रमुख रोग राइजोक्टोनिया रॉट, एरियल ब्लाईट, गर्दनी सड़न, चारकोल रॉट आदि के नियंत्रण के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। वैज्ञानिक रंजीत सिंह राघव द्वारा सोयाबीन की फसल में संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग के अंतर्गत सिंगल सुपर फॉस्फेट मात्रा 375 किग्रा प्रति हैक्टेयर के उपयोग की सलाह दी गयी। साथ ही सोयाबीन की फसल में फली बनते समय एन.पी.के. (0:52:34) व दाना भरते समय एन.पी.के. (0:0:50) मात्रा 1 किग्रा प्रति एक-ड़ 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी गयी। सुनील कैथवास द्वारा खरपतवार प्रबंधन पर जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ग्राम सोनकच्छ, भूसीमेटा, डाबर, कुरावत के कृषकों ने भाग लिया।

## पत्रकार शुभम गोल्हानी के बेटे लक्ष्य गोल्हानी का मनाया गया जन्मदिन

### नगर वन लखनादौन में पौधारोपण किया गया और जन्मदिन मनाया गया



**नरेंद्र गोल्हानी सिवनी।** सिवनी पत्रकार शुभम गोल्हानी ओर उनकी धर्मपत्नीर लकी गोल्हानी दोनों के द्वारा अपने बेटे लक्ष्य गोल्हानी का आज दूसरे जन्मदिन के शुभ अवसर पर आज कदम संस्था द्वारा नगर वन लखनादौन में पौधारोपण किया गया ओर जन्मदिन मनाया गया जिसमें समस्त सम्माननीय नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे कदम संस्था द्वारा प्रति सप्ताह अनुसार इस रविवार दिनांक 15/06/2025 को भी कदम संस्था के तत्वाधान में नगर वन लखनादौन में ठीक 10 बजे पौधारोपण किया गया है ओर सभी से निवेदन भी किया गया कि अपने परिवार मित्रों में जिसका भी जन्मदिन सालगिरह इत्यादि शुभ दिन इस सप्ताह आए हो उन्हें आमंत्रित करें एवं यह विशेष दिन पूर्णतः निःशुल्क पौधा रोपण करके मनाएं।

# जिला भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने सलामतपुर, सांची एवं रायसेन मंडल में ली संकल्प सभाएं

### प्रधानमंत्री के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में कार्यकताओं को दिलाया संकल्प



**रायसेन।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायसेन जिले के सलामतपुर मंडल सांची मंडल एवं रायसेन नगर मंडल में आयोजित संकल्प सभा में विचार व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संकल्प दिलाया इसके साथ ही मोदी जी की अनेक कार्य योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए कार्यकताओं को विस्तार के साथ अवगत कराया। आयोजित की गई संकल्प सभाओं का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रमो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राकेश तोमर, पूर्व नपा अध्यक्ष जमना सेन, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्दीक सिद्दीकी, महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता रघुवंशी,अमित कटियार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही कार्यक्रम में उपस्थित जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि इन 11 वर्षों में हमारे विश्व के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो कार्य हमारे देशवासियों के हित में किए हैं उनकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम ही है। मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत देश का डंका बज रहा है उन्होंने जो कार्य योजनाएं बनाकर जनहित में लागू की उनकी परिकल्पना नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इतना बड़ा काम किया है कि उनकी कार्यशैली का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। आतंकवादी गतिविधियों का पूरी तरह से सफाई करने के लिए हमारी केंद्र सरकार बहुत ही गहनता के साथ काम कर रही है। इसके पश्चात रायसेन के महामाया चौक पर नगर मंडल के तत्वाधान में संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि इन 11 वर्षों में हमारे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को इतना कुछ दिया है कि पहले कभी उन्हें मिला नहीं । उन्होंने भारत सरकार की कार्य योजनाओं को विस्तार से बताते हुए कार्यकताओं को अवगत कराया एवं संकल्प दिलाया। सलामतपुर मंडल के तहत आयोजित संकल्प सभा के दौरान वहां के मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल एवं भाजपा कार्यकताओं ने शर्मा का जोरदार स्वागत किया एवं संकल्प पत्र भरे गए इसी क्रम में पर्यटन स्थल सांची पहुंचकर वहां जनपद सभागार में आयोजित संकल्प सभा में शामिल होकर वहां मौजूद मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सब प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश लगातार तरक्की कर रहा है इन 11 वर्षों में जितने कार्य योजनाएं श्री मोदी जी ने बनाकर देशवासियों के हित में लागू की है इतनी पहले कभी लोगों ने देखी नहीं थी। सांची में आयोजित संकल्प सभा के दौरान मंडल प्रभारी वीर सिंह पटेल एवं नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम सहित अनेक पदाधिकारीयो ने शर्मा का स्वागत किया।

## 3 वर्ष पूर्व बिछड़े भाइयों को अपना घर आश्रम ने मिलाया




**विदिशा।** अपना घर आश्रम विठ्ठल नगर जहां पर की मानसिक अस्वस्थ, मंदबुद्धि, असहाय, अनाथ, लावारिस, बेसहारा, बीमार प्रभुजनों को रखा जाता है, एवं सेवा एवं उपचार के पश्चात स्वस्थ होने पर उनको परिजनों से मिलाया जाता है। ऐसा ही आज 66 बां पुनर्वास संपन्न हुआ जिसमें तीन वर्ष पूर्व बीना से लापता हुए रवि मालवीय को आश्रम से परिजनों को सोपा गया। उनका छोटा भाई राहुल एवं उनकी बहु आज उनको लेने आए। यह बहुत ही भावुक पल था। ज्ञात हुआ की तीन वर्ष पूर्व जब उनकी मां का निधन हुआ तभी से उनकी मानसिक स्थिति खराब हो गई थी और यह घर से निकल गए घर वालों ने काफी इनको खोजा परंतु कोई पता नहीं लगा इस आश्रम में इनको एक वर्ष हुआ है। इसके पूर्व यह भरतपुर आश्रम में आश्रय पा रहे थे। जब इनका उपचार यहां संपन्न हुआ तब इनको याद आया कि मैं बीना का रहने वाला हूं। इन्होंने अपना पता बताया तब यहां से एंबुलेंस को परिजनों से मिलाया गया और उनको बताया गया कि आपको आश्रम आकर यहां की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी तब आज यह परिजन आए और रवि अपने घर ले गए। परिजनों ने यहां की व्यवस्थाओं एवं यहां प्रभु जनों को मिलने वाली सुविधाओं पर काफी हर्ष और प्रसन्नता व्यक्त की। इस प्रकार की सुविधाएं हम इनका घर पर भी नहीं दे पाते जो आप लोग उनकी सेवा कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम अहमदपुर में आपदा से बचाव संबंधी जन चेतना शिविर का आयोजन हुआ

**विदिशा (निप्र)।** विदिशा की ग्राम पंचायत अहमदपुर में आपदा से बचाव संबंधी जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी हवलदार मोहन सिंह के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम द्वारा बाढ से पूर्व तैयारी, आग की घटना में बचाव, घरेलू उपकरणों से बचाव, राफ्ट बनाना, कंबल, चादर से स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, सांप के काटने पर त्वरित कार्यवाही और सावधानियां तथा ड्राई रेस्क्यू, वज्रपात के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में आमजनों को सचेत, मौसम मोबाइल ऐप की भी जानकारी दी गई व एप डाउनलोड करने की सलाह दी गई है।। कार्यक्रम के दौरान सरपंच, एईओ कृषि विभाग, शिक्षक, ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं आशा पंचायत सचिव, एमपीएस, सहायक सचिव कोटवार एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस दौरान शिविर में उपस्थित ग्रामीण जनों को बारिश के दौरान जलमग्न स्थानों व पुल-पुलियों को पार ना करने की शपथ भी दिलाई गई। बाढ़ के दौरान रपटे और पुलिया को बैरीकेट से कवर किया जाएगा ताकि कोई जनहानि ना होने पाए।

### स्व सहायता समूहों को दिया गया अश्वगंधा की खेती का प्रशिक्षण

**सीहोर (निप्र)।** शासन के निर्देशानुसार देवारण्य योजना एवं एक जिला एक औषधि योजना के तहत स्व सहायता समूहों के सदस्यों को अश्वगंधा की खेती के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित करना और स्थानीय वन समितियों को सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि अश्वगंधा एक प्राकृतिक रसायन औषधि है, जिसकी मांग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी से बढ़ रही है। इसके साथ ही स्व सहायता समूहों के सदस्यों को इस औषधीय पौधे की आर्थिक संभावनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान अश्वगंधा की बुवाई, देखभाल, सिंचाई कटाई एवं विपणन के बारे में विस्तार जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि देवारण्य योजना के अंतर्गत जिले में अश्वगंधा को एक जिला एक औषधि के रूप में चयनित किया गया है, जिसके तहत जिलेभर में अश्वगंधा की खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है।

### बहनों के लिए मददगार साबित हो रही लाड़ली बहना योजना

**सीहोर (निप्र)।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सहायता के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार दो सौ पचास रूपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जा रही है। जिसे महिलाएं अपनी आवश्यकतानुसार खर्च कर रही है। सीहोर निवासी श्रीमती उमा राय भी लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित महिलाओं में से एक है। श्रीमती उमा बतातीं हैं कि लाड़ली बहना योजना से मुझे जो राशि मिली है, उसे मैं अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोग कर रही हूं। श्रीमती उमा कहतीं हैं कि अब मुझे अपने छोटे-मोटे खर्चों के लिए किसी से पैसे नही मांगने पड़ते। उन्होंनें बताया कि लाड़ली बहना योजना के तहत मिलने वाली राशि मेरे लिए बहुत ही मददगार साबित हो रही है। लाड़ली बहना योजना के लिए श्रीमती उमा राय ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया है।

### कलेक्टर श्री जैन ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया

**हरदा (निप्र)।** कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव नागू, तहसीलदार हरदा श्री राजेन्द्र पंवार, इलेक्शन सुपरवाइजर श्री अप्पू कुट्टी, पीआईयू के कार्यपालन यंत्री, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य ने सेन समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

# अध्ययन और अनुभव व्यक्ति का जिंदगी भर साथ नहीं छोड़ती : भुवन भूषण कमल




**विदिशा (निप्र)।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री भुवन भूषण कमल का आज विदिशा आगमन हुआ। वह विदिशा के रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम भवन में सेन समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री भुवन भूषण कमल ने सेन समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा बहुत जरूरी है बच्चों को शिक्षा अवश्य ग्रहण करनी चाहिए और पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए, ताकि वह अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण करना इसलिए भी आवश्यक है कि अध्ययन और अनुभव व्यक्ति का जीवन भर साथ नहीं छोड़ता इसलिए शिक्षा का ज्ञान अर्जित करना अति आवश्यक है। उन्होंने शासन की योजनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का बच्चों को लाभ मिलता है विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित हैं जिनमें बच्चों को सुविधाएं दी जा रही हैं। सदस्य श्री भुवन भूषण कमल ने समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए संघर्षों का सामना करना पड़ता है। कई बार हमें असफलताओं के दौर से भी गुजरना पड़ता है लेकिन कड़ी मेहनत और परिश्रम के बलबूते पर एक दिन सफलता जरूर मिलती है। इस दौरान उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से भी कहा कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा तो दें साथ ही उनकी गतिविधियों पर भी ध्यान दें कि बच्चा किस क्षेत्र में जाना चाहता है बच्चे को कोई परेशानी तो नहीं है। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों व समाजजनों द्वारा मां सरस्वती जी एवं संत शिरोमणि सेन जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रिटायर आईएएस श्री प्रकाश जांगरे ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभाओं का सम्मान है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरुरी है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है और कड़ी मेहनत के साथ-साथ अनुशासन का भी ध्यान रखना होता है। अनुशासन के साथ शैक्षणिक गतिविधियों अध्ययन पर ध्यान देने से सफलता मिलती है। उन्होंने प्रतिभा सम्मान समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को अनुशासन और कड़ी मेहनत विषय पर विशेष फोकस करने का आव्हान किया।

### छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

सदस्य श्री भुवन भूषण कमल सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड एवं पैन देकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं व्यक्त की।

**अहमदाबाद दुर्घटना पर मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि :** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी ने गुजरात राज्य के अहमदाबाद में विगत दिवस घटित विमान हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्ति की।



## विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और चित्रकला के माध्यम से दिया नशामुक्ति का संदेश

**सीहोर (निप्र)।** नशा मुक्त भारत अभियान एवं 26 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के तहत नशे एवं नशीली दवाओं के विरूद्ध जागरूकता के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को संदेश देते हुए बताया कि नशा एक देश के विकास में प्रमुख बाधक तत्व है और हमें नशे से अपना और अपने समुदाया का बचाव करना चाहिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के चित्रों के माध्यम से आमजन को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता एवं अभियान संबंधी अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान एवं 26 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के तहत 01 जून से 26 जून 2025 तक जिले में नशे के विरूद्ध अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और इनसे बचाना है, बल्कि इस अभियान को नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन का रूप देना है। ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। अभियान के तहत जिले में 01 जून से 26 जून तक अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## दिव्यांग राजू को मिली ट्रायसिकल, गर्मी में आने जाने में अब नहीं होगी परेशानी

### कलेक्टर श्री जैन ने अखबारों में छपी खबर के आधार पर की त्वरित कार्यवाही




**हरदा (निप्र)।** जिले के ग्राम कुहीग्वाड़ी निवासी दिव्यांग युवक राजू नाथ के पास ट्रायसाइकिल न होने से गर्मी के मौसम में उसे आने जाने में परेशानी हो रही थी। इस संबंध में गुरूवार को अखबारों में समाचार प्रकाशित हुआ। कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने इस समाचार को संज्ञान में लेते हुए तुरन्त उप संचालक सामाजिक न्याय श्री कमलेश सिंह को दिव्यांग राजू को तत्काल ट्रायसाइकिल दिलाने के निर्देश दिये। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा गुरूवार को ही राजू को दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बुलाकर उसका स्वास्थ परीक्षण कराया गया और उसे ट्रायसाइकिल प्रदान की गई, जिससे राजू खुशी-खुशी अपने घर गया। इस अवसर पर राजू ने कहा कि बिना ट्रायसाइकिल के जमीन पर घिसटकर चलने में गर्म सड़क पर उसके हाथ जल जाते थे, अब उसे यह परेशानी नहीं होगी। उप संचालक सामाजिक न्याय श्री कमलेश सिंह ने बताया कि राजू को 3 वर्ष पूर्व ट्रायसाइकिल दी जा चुकी है जो कि पुरानी होने से टूट गई थी तथा जनवरी 2025 में जनपद द्वारा आयोजित शिविर में राजू को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल दिलाने के लिये चिन्हित किया जा चुका है। जुलाई माह में एलिम्को संस्था जबलपुर द्वारा दिव्यांजनों को आवश्यक उपकरण वितरण के लिये शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें राजू एवं अन्य दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल एवं अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किये जायेंगे।

## विदिशा में रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**विदिशा (निप्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से विदिशा में रेटिनोब्लास्टोमा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बचपन के कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, रेफरल प्रणाली को मजबूत करना और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना था। कार्यशाला में समस्त विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी, बी पी एम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, नेत्र रोग सहायक, आशा पर्यवेक्षक और अन्य प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान, विदिशा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश तिवारी ने कहा कि बचपन के कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से हम बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेकर अपने अपने क्षेत्रों में कार्य करें। एम्स भोपाल के डॉ. रेड्डी ने बताया कि बचपन के कैंसर के लक्षण सामान्य बीमारियों जैसे लग सकते हैं, लेकिन कुछ खास संकेत जैसे आंख की सफेद चमक (रेटिनोब्लास्टोमा), लगातार बुखार, वजन कम होना, लंबी खांसी, हाथ या पैर में सूजन और बार-बार ब्लीडिंग पर ध्यान देना आवश्यक है। समय पर पहचान और रेफरल से इलाज संभव है। कैनकिड्सकी मेडिकल सर्विसेज प्रमुख डॉ. नीलिमा ठाकुर ने बताया कि कैनकिड्स देशभर के 135 से अधिक कैंसर अस्पतालों में काम करता है और बच्चों व परिवारों को सामाजिक सहायता, शिक्षा, आवास, पोषण, यात्रा सुविधा व वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उनका उद्देश्य है हर बच्चे को समय पर इलाज, हर परिवार को सही मार्गदर्शन।

## बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने बैतूल बाजार से एनएच- 69 तक 1.88 किमी लंबे बायपास मार्ग का किया लोकार्पण



**बैतूल (निप्र)।** बैतूल विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल ने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित बैतूल बाजार से एनएच 69 तक बायपास मार्ग लंबाई 1.88 किमी स्वीकृत राशि 531.43 लाख का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि बैतूल बाजार क्षेत्र में मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में भीषण भीड़ होती थी, जिससे गोंडीगोला, बारवड़ी, रवा, खेड़ी कोर्ट, मुलताई, बिसनूर, पारसडोह, धनोरा, आठनेर आदि ग्रामों से आने-जाने वाले लोगों एवं वाहनों को अत्यधिक परेशानी होती थी। इस मार्ग के निर्माण से अब वाहनों को बाजार के भीतरी क्षेत्र में प्रवेश किए बिना ही सीधे गंतव्य तक पहुंचने का मार्ग मिल गया है। इस मार्ग की चौडाई 5.50 मीटर में कुल डामरीकृत सड़क लंबाई 0.97 किमी, सीमेंट कांक्रीट सड़क लंबाई 0.92 किमी है। इस मार्ग पर 10 पुलिया एवं 2 पुलों का निर्माण भी विभाग द्वारा कराया गया है। कार्य पर राशि 390.67 लाख का व्यय किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगरपरिषद बैतूल बाजार श्री सुधाकर पवार, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती दुर्गावती वर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री सुरेश गायकवाड एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं सीईओ ने खेत तालाबों, डगवेल रिचार्ज, फलोद्यान, देवबड़ला सहित विभिन्न स्थानों एवं जल संरक्षण गतिविधियों का किया निरीक्षण



**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने सीहोर जनपद के ग्राम सतपिपलिया पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए डगवेल रिचार्ज, मनरेगा अंतर्गत निर्मित खेत तालाब, सामुदायिक निर्मल नीर कूप का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम में स्थित शांतिधाम में पौधारोपण भी किया। उन्होंने जवर तहसील स्थित देवबड़ला एवं विभिन्न ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए खेत तालाबों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और ग्रामवासियों को जल का महत्व बताते हुए यह अपील की कि वे वर्षा के अधिक से अधिक जल का संरक्षण करें, ताकि धरती के अंदर ज्यादा से ज्यादा से वर्षा का जल पहुंचाया जा सके। कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने ग्राम के किसान श्री सूरज सिंह द्वारा मनरेगा के तहत बनाए गए खेत तालाब के निरीक्षण दौरान किसान से चर्चा की और खेत तालाब का अवलोकन किया। उन्होंने खेत तालाब की सहायता से खेती में आई समृद्धि के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने बनाए गए खेत तालाब की सराहना की और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को खेत तालाब की योजना का लाभ दिलाया जाए, ताकि पर्याप्त जल मिलने से उनकी खेती में उन्नति हो सके। उन्होंने किसान श्री रूपसिंह द्वारा मनरेगा के तहत स्थापित किए गए फलोद्यान का भी निरीक्षण किया और किसान श्री रूपसिंह से फलों की खेती में उपयोग की जा रही तकनीकों एवं विधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। किसान श्री रूपसिंह ने कलेक्टर श्री बालागुरू के. को बताया कि वे अपने इस फलोद्यान में आम, अमरूद, पपीता, कटहल सहित विभिन्न फलों की खेती कर रहे हैं और अच्छा मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने गड्ढा मुक्त अभियान तहत क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की




**विदिशा (निप्र)।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री राकेश सिंह के द्वारा प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के उद्देश्य से गड्ढा मुक्त अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने उक्त अभियान तहत विदिशा जिले में क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की है। उन्होंने वर्षा ऋतु व मानसून को दृष्टिगत रखते हुए जिले की सड़कों पर उभरे गड्ढों के मरम्मत कार्य तथा गड्ढा मुक्त सड़कों के निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने गड्ढा मुक्त सड़कों के निरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मार्गों पर अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गड्ढों का मरम्मत कार्य शेष रह गया है उन गड्ढों का मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जाए ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की कोई जनहानि ना होने पाए। उन्होंने कहा कि आवाजाही व यातायात में किसी भी प्रकार का व्यवधान या समस्या उत्पन्न ना हो का विशेष ध्यान रखें। बारिश का दौर प्रारंभ हो गया है इसलिए उन्होंने गड्ढों की मरम्मत कार्य उपरांत गड्ढा मुक्त सड़कों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। इस बैठक में गड्ढा मुक्त सड़कों का निरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मार्गों पर अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई थी। इस दौरान सड़कों का भौतिक निरीक्षण एवं क्षति आंकलन की निरीक्षण रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। गड्ढा मुक्त अभियान अंतर्गत लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा में परफॉर्मेंस एवं संधारण अंतर्गत कुल 119 मार्गों का निरीक्षण किया गया है जिसमें 35 मार्गों में गड्ढे पाए गए जिनका सुधार कार्य 15 दिवस में किया जाना है इस कार्य के लिए कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। समस्त अधिकारियों को सड़कों के दुरूस्तीकरण के लिए निर्देशित किया है साथ ही समस्त सड़कों के सत्यापन के लिए जिला पंचायत को निर्देशित किया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर सहित पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, एमपीआरडीसी, पीएमजीएसवाय, आरईएस एवं नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने की नगरीय निकायों में संचालित निर्माण कार्यों एवं वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा





**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर जिले की नगरीय निकायों में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों तथा वर्षा ऋतु के पूर्व निकायों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री बालगुरू के. बड़े नाले नालियों की साफ सफाई की समीक्षा करते हुए नगर पालिका अधिकारियों एवं उप यंत्रियों को निर्देश दिए कि जिन नाले एवं नालियों की सफाई नही हुई है, उसे 02 दिवसों में पूर्ण कराएं। ताकि वर्षाकाल के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल से पहले ही उन सभी पुल-पुलिया को चिन्हित कर लिया जाए, जिन पर बारिश के दौरान पानी आ जाता है, ताकि सुरक्षा के उपाय किए जा सके। बैठक में जानकारी दी गई कि नगरीय निकायों द्वारा कुल 179 जर्जर भवनों को चिन्हित कर लिया गया है। कलेक्टर श्री बालागुरू के. निर्देश दिए कि जर्जर भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किए जाएं और अधिक जर्जर हो चुके भवनों को गिराने की कार्यवाही शीघ्रता से की जाए, ताकि वर्षाकाल के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ आपदा से राहत एवं बचाव की तैयारियों जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाएं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के भवन निर्माण, अमृत 2.0 योजना के तहत जलप्रदाय कार्य, आंगनबाड़ियों के निर्माण कार्यों सहित सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रथम चरण के तहत 359 आवासों के निर्माण कार्य जो अभी तक प्रारंभ नही हुए है उन्हें प्रारंभ कराया जाए और जल्द से जल्द पूर्ण भी कराया जाए।

# आईएसआई का चेहरा हैं यूनुस



ब्रिटेन में हुआ यूनुस का जोरदार विरोध बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को ब्रिटेन के लंदन में प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। सैकड़ों ब्रिटिश बांग्लादेशी मोहम्मद यूनुस के होटल के बाहर जमा हो गये और यूनुस गो बैक के नारे लगाने लगे।




बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के क्रिया-कलापों से अब स्पष्ट हो गया है कि वे पाकिस्तान और आईएसआई का चेहरा हैं। बांग्लादेश अब, उस राह पर चल रहा है, जिस राह पर कट्टरपंथी और आईएसआई चलाना चाहती थी, इसीलिये 1949 में गठित हुई, उस आवामी लीग को प्रतिबंधित कर दिया गया है, जिसने 1971 में मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था और मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लाभाषियों की हत्या एवं महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने वाली जमात-ए-इस्लामी से प्रतिबंध हटा दिया गया है, साथ ही फांसी की सजा पा चुके एटीएम अजहरुल इस्लाम को दोष मुक्त कर दिया गया है एवं मोहम्मद यूनुस चीन की गोद में बैठने को उतावले दिखाई दे रहे हैं। उदारवादी बांग्लादेश को कट्टरपंथी देश बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस का चेहरा बेनकाब हो गया है, वे अलोकप्रिय होते जा रहे हैं, इसलिये वे जहां भी जाते हैं, वहां उनके विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किये जाते हैं, इस स्टोरी में बांग्लादेश में चल रही गतिविधियों पर ही चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम... ब्रिटेन में हुआ यूनुस का जोरदार विरोध बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को ब्रिटेन के लंदन में प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। सैकड़ों ब्रिटिश बांग्लादेशी मोहम्मद यूनुस के होटल के बाहर जमा हो गये और यूनुस गो बैक के नारे लगाने लगे। अवामी लीग की यूके शाखा और अन्य संबंधित संगठनों से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने मोहम्मद यूनुस के प्रशासन पर मानवाधिकारों के उल्लंघन, लिंचिंग, हत्याओं और बांग्लादेश में कानून व्यवस्था बर्बाद करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां पकड़ी हुई थीं, जिन पर लिखा था कि यूनुस भीड़तंत्र के निमार्ता, जिहादियों को मुक्त करने और देशभक्तों को जेल में डालने वाले हैं, उनके इस्तीफे की मांग भी की गई।

प्रदर्शनकारियों ने यूनुस के खिलाफ नारे लगाये और उनके पुतले को जूतों की माला पहनाई। मोहम्मद यूनुस और उनके प्रेस सचिव शफीकुल आलम की तस्वीरें कूड़ेदान में डाल दी गईं। अवामी लीग समर्थकों ने सड़कों पर बैनर और पोस्टर लेकर शेख हसीना के समर्थन में नारे लगाये। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम को भी भारी विरोध का सामना करना पड़ा है, उन्हें प्रदर्शनकारियों से बचने के लिये पिछले दरवाजे से होटल से बाहर निकलना पड़ा लेकिन, प्रवासी बांग्लादेशियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया और पीछा करने की कोशिश की, वह ब्रिटिश पुलिस सुरक्षा से घिरे होने के कारण किसी तरह बच पाये, इसके पहले जापान दौरे के दौरान मोहम्मद यूनुस को इसी तरह के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा था। यूनुस की लोकप्रियता बांग्लादेश में भी लगातार कम होती दिख रही है। अंतरिम सरकार और बांग्लादेश की सेना के अंदर तनाव बढ़ गया है, कई लोगों ने पिछले साल शेख हसीना को हटाये जाने के बाद देश को बेहतर बनाने के लिये पर्याप्त प्रयास न करने के लिये यूनुस को दोषी ठहराया है।शेख हसीना के बोलने पर भी है यूनुस को आपत्ति मोहम्मद यूनुस ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत की धरती से राजनीतिक बयान देने पर रोक लगाने की उनकी मांग को अनसुना कर दिया। युनूस ने कहा कि जब अप्रैल में बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय बैठक हुई थी तो, उन्होंने भारतीय धरती से शेख हसीना को राजनीतिक बयान देने से रोकने के लिये पीएम मोदी से अपील की थी। लंदन के चैटम हाउस में बातचीत के दौरान यूनुस ने कहा कि भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के प्रयास जारी रहेंगे, उन्होंने कहा कि भारत से हम बहुत अच्छा रिश्ता रखना चाहते हैं, वह हमारा पड़ोसी है, हम उनके साथ कोई समस्या नहीं चाहते हैं लेकिन, भारतीय प्रेस के फेक न्यूज के कारण हर समय कुछ न कुछ दिक्कतें हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह बांग्लादेश को आशंकित करता है और गुस्सा दिलाता है, हम इस पर बहुत काबू पाने की कोशिश करते हैं लेकिन, साइबर स्पेस में बहुत सी चीजें घटित होती रहती हैं और हम उससे अलग नहीं रह सकते हैं। मोहम्मद युनूस ने कहा कि हम शांत रहने की कोशिश करते हैं, अचानक कुछ घटित होता है और फिर गुस्सा लौट आता है, इस समय हमारे लिये शांति स्थापित करना ही बड़ा काम है। यूसुस ने की 2026 में चुनाव कराने की घोषणा बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को घोषणा करते हुये कि अगला राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में आयोजित किया जायेगा। ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जल्द ही चुनाव की विस्तृत रूपरेखा पेश करेगा। यूनुस ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरिम सरकार तीन मुख्य उद्देश्यों सुधार, न्याय और चुनाव के आधार पर सत्ता में आई है। यूनुस ने कहा कि सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी और स्वीकार्य चुनाव आयोजित करने के लिये सभी दलों के साथ चर्चा की है, इसके अलावा न्याय, सुधार और चुनाव से संबंधित चल रही सुधार गतिविधियों की समीक्षा के बाद मैं आज देशवासियों को घोषणा कर रहा हूं कि अगले राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में होंगे। यूनुस ने कहा कि हमारा लक्ष्य भविष्य में संभावित संकट को रोकना है, इसके लिये संस्थागत सुधार की जरूरत है। चुनाव प्रक्रिया से सीधे जुड़े संस्थानों में सुशासन सुनिश्चित किये बिना, छात्रों और नागरिकों की ओर से दिये गये सभी बलिदान बेकार हो जायेंगे, उन्होंने दोहराया कि मौजूदा प्रशासन का गठन तीन चीजों के लिये किया गया है, जिनमें सुधार, न्याय और चुनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिये हर जरूरी उपाय कर रहे हैं कि देश इस अवधि के दौरान स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनाव कराने के लिये तैयार हो। चुनावों में बार-बार हेर-फेर के द्वारा एक राजनीतिक दल फासीवादी शासन में बदल गया। जिन लोगों ने उन दिखावटी चुनावों का आयोजन किया, उन्हें लोगों ने अपराधी करार दिया। उनसे जो शासन उभरे, उन्हें आखिरकार जनता ने अस्वीकार कर दिया।उन्होंने कहा कि चुनाव के समय को लेकर जनता और राजनीतिक दलों में काफी उत्सुकता है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, चुनाव दिसंबर से जून के बीच होंगे। सरकार इस समय सीमा में विश्वसनीय तरीके से चुनाव कराने के लिये अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने के वास्ते लगातार काम कर रही है। यूनुस ने कहा कि हमारा मानना है कि आगामी ईद-उल-फितर तक हम न्याय और सुधारों के संबंध में व्यापक रूप से स्वीकार्य स्थिति पर पहुंच जायेंगे, खास तौर पर मानवता के खिलाफ अपराध के लिये जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराकर, जो जुलाई के विद्रोह के शहीदों के प्रति हमारा सामूहिक कर्तव्य है। दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग उठी खालिदा जिया की पार्टी और उसकी विचारधारा वाले अन्य दल मांग कर रहे हैं कि चुनाव दिसंबर तक कराये जायें। खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने 28 मई को यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर दबाव बढ़ाते हुये दिसंबर तक चुनाव कराने की मांग को लेकर ढाका में एक विशाल रैली निकाली थी। जुलाई में विद्रोह करने वाले नेताओं से बनी नई राजनीतिक पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी सुधारों के पूरा होने के बाद चुनाव कराने पर जोर दे रही है। जमात-ए-इस्लामी का भी शुरू में एनसीपी जैसा ही रुख था। पार्टी ने तब कहा था कि चुनाव रमजान से पहले फरवरी में हो सकते हैं। पिछले ह ते जमात के शीर्ष नेताओं ने कहा था कि चुनाव दिसंबर से अप्रैल के बीच हो सकते हैं। सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान ने 21 मई को कहा था कि राष्ट्रीय चुनाव इस साल दिसंबर तक हो जाने चाहिये। स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा बदली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीब-उर-रहमान को दिये गये राष्ट्रपिता के दर्जे को खत्म कर दिया है। स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़े कानून में संशोधन कर दिया गया है। कुछ दिन पहले ही मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शेख मुजीब-उर-रहमान की तस्वीर को नये नोटों से हटाया है। अब अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन किया है, जिसमें स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा को बदल दिया गया है। बांग्लादेश के कानून, न्याय और संसदीय कार्य मंत्रालय ने संशोधन से जुड़ा अध्यादेश मंगलवार की रात को जारी किया। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कानून में राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीब-उर-रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है। कानून में जहां-जहां बंगबंधु शेख मुजीब-उर-रहमान का नाम पहले लिखा हुआ था, उन हिस्सों को भी पूरी तरह से मिटा दिया गया है। सरकार की ओर से जारी किये गये नये अध्यादेश में मुक्ति युद्ध की परिभाषा में भी थोड़े लेकिन, महत्वपूर्ण बदलाव किये गये हैं। नई परिभाषा में बंगबंधु शेख मुजीब-उर-रहमान का नाम पूरी तरह हटा दिया गया है। संशोधित कानून के अनुसार मुजीबनगर सरकार यानी, युद्धकालीन निर्वासित सरकार से जुड़े सभी संसद सदस्य और विधायक, जिन्हें पहले संविधान सभा का सदस्य माना जाता था, अब स्वतंत्रता सेनानी नहीं कहलाये जायेंगे, अब उन्हें एक नई श्रेणी स्वतंत्रता संग्राम के सहयोगी में रखा गया है।

# बूढ़े बुजुर्गों, माता-पिता की सेवा तुल्य कोई पुण्य नहीं....



भारत आदि-अनादि काल से ही संस्कारों की खान रहा है। यहां की मिट्टी में ही गॉड गि टेड संस्कारों की ऐसी अदृश्य शक्ति समाई हुई है कि मानवजन्म से ही संस्कारों की प्रतिभा मानवीय जीवों में समाहित हो जाती है इसमें कोई दो राय नहीं है!! परंतु जीव की उम्र बढ़ने के साथ-साथ पाश्चात्य संस्कृति की ललक अनेक अपवाद स्वरूपी मनीषियों में समाहित हो जाती है,जो बड़े बुजुर्गों का सम्मान तो नहीं परंतु अनादर करने पर उतारू हो जाते हैं? जिससे समाज में यह दूषित भावना पनपने का संदेह बना रहता है। इसलिए हम आज के युग में देख रहे हैं कि शासन-प्रशासन सामाजिक संस्थाएं, बुद्धिजीवी वर्ग, बड़े बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करने हमारी हजारों वर्ष पुरानी परंपरा, धरोहर और वैचारिक शक्तिबल को संरक्षित, सुरक्षित करने के लिए अनेक वेबिनार, कार्यक्रम, अभियान चलाए जा रहे हैं। साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष्य की करें तो हमारे बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखनें की जवाबदारी व जिम्मेदारी युवा वर्ग की अधिक है जिन्हें भारतमाता की गोद से मिले संस्कारों को प्राथमिकता से सजग होकर रेखांकित करना अनिवार्य है। बड़े बुजुर्गों की सेवा का उन्हें मान-सम्मान देकर अत्यधिक पुण्य कमाना है। क्योंकि जब कोई बुजुर्ग निशब्द तुम्हारा तुम्हारे झुके सिर पर अपनी कंपकंपाती उंगलियां फिरादे तो समझो वरदान खुशी और आशीर्वाद एकसाथ तुम्हें यूं ही मिल गया क्योंकि बड़े बुजुर्गों में ईश्वर अल्लाह का एक रूप समाहित होता है। साथियों बात अगर हम वरदान खुशी और आशीर्वाद की करें तो वैश्विक स्तरपर भारत सबसे पुरानां आध्यात्मिकता में गहरीआस्था रखने वाला देश है यहां आध्यात्मिकता का विस्तार तेजी से हुआ है जो एक अच्छी बात है परंतु मेरा मानना है कि उसी तेजी के साथ मनीषियों की आस्था माता-पिता, बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान सेवाभाव के प्रति अपेक्षाकृत कम होकर संकुचित होने के संकेत हाल के पश्चात संस्कृति की घुसपैठ के चलते मिल रहे हैं। कई परिवार टूट रहे हैं, वृद्धाआश्रमों में बुजुर्गों की तादाद बढ़ रही है आखिर ऐसा क्यों ? मैंने अनेक ऐसे मनीषियों को भी देखा है जो अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों से तो अलग रहते हैं, उनकी सेवा खुशी का ध्यान नहीं परंतु आध्यात्मिकता क्षेत्र में उनके नामपर बहुत बड़े सेवा भावी होंनें और आस्था का डंका बजता है यह देख मुझे बहुत हैरानी होती है!!! साथियों बात अगर हम ऐसे बड़े बुजुर्गों की करें जिनको अपनों ने ठुकराया है तो मैंने स्वयंम कुछ बुजुर्गों से बात की तो उनका बड़प्पन देखिए कि अपने दुख दर्द बांटने की अपेक्षा उन्होंने अपनों की तारीफ ही की!!! वाह क्या बात है!!! आप ईश्वर अल्लाह के तुल्य हैं कहकर अनायास ही मेरे हाथ उनके चरणों में झुक गए तो उनकी आंखों में आंसू आ गए। साथियों ऐसे अनेक पीड़ित हर मेट्रोसिटी, शहर, गांव में हैं ऐसे किस्से हमें अपने शहरों में भी जरूर देखने को मिलते होंगे जिसे हम सब को मिलकर इस स्थिति को बदलना की ओर कदम बढ़ाना ही होगा। साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों के वरदान खुशी और आशीर्वाद की करें तो मेरा मानना है कि इनकी आशीर्वाद वरदान इस सृष्टि में सबसे बड़ा है इसके तुल्य किसी आध्यात्मिक आस्था में आशीर्वाद वरदान नहीं होंगे बस हम मनीषियों को यह बात अपने हृदय व मस्तिष्क में फिट करनी होगी। साथियों बात अगर हम नई पीढ़ी, युवकों की करें तो, बूढ़े व्यक्ति के पास स्मृतियां, जवान के पास कल्पनाएं हैं, यदि घर-घर दोनों का मेल बने तो कमाल हो जायेगा। धरती पर स्वर्ग उतर आयेगा!!! जबकि नई पीढ़ी को चाहिए माता-पिता के उत्तम गुणों के वारिस बनें, अपने बड़ों को मान दें, क्योंकि वृद्धों का जो वर्तमान है, वही युवाओं का भविष्य है। इसलिए यदि नई पीढ़ी अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद वरदान लेंनें, उनका देवताओं की तरह पूजन करने, मिलकर रहने, सहयोग करने की सोच अपना ले, तो घरों के अन्दर प्रेम, सद्भाव जाग जाएगा और धरती में स्वर्ग उतर आयेगा। साथियों जरूरत है युवा-वर्ग माँ-बाप की अवहेलना न करे। बड़ों के प्रति सम्मान की भावना रहे। क्योंकि बूढ़ी आंखों में जब आंसू आते हैं, हृदय पर जब व्यंग बाण लगते हैं, शरीर काम नहीं करता और नींद आती नहीं तो ऐसे में व्यक्ति का जीना कठिन हो जाता है। वैसे भी बड़े-बुजुर्ग हमारी अमूल्य सम्पत्ति हैं। उनके पास अनुभवों का खजाना है, अतः उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। कभी भूलकर भी उनसे अपशब्द न कहें। साथ ही अपने बच्चों को बड़ों के पास बैठने का अवसर दिया करें।

# संपादकीय

## ईरान के जवाबी हमले से घबराया इजराइल, नेतन्याहू बंकर में

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध तेज हो गया है, यह टकराव इतिहास में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। इजराइल ने ईरान पर सुनयोजित रूप से कई परमाणु ठिकानों पर हमले किए। रिफाइनरी, एयरबेस, न्यूक्लियर ठिकानों से लेकर रेजिडेंशियल इलाकों मे इजराइल ने ईरान के कई इलाकों में भारी तबाही मचाई थी। जैसे ही रात का अंधेरा फैला, ईरान ने इजरायल के ऊपर जवाबी कार्रवाई की। ईरान के हमले से इजराइल कांप उठा। इजराइल को इस तरह के हमले की जरा भी उम्मीद नहीं थी। खासकर हाइफा पर हुए मिसाइल हमलों ने इजरायल के आर्थिक और सैन्य ढांचे को हिलाकर रख दिया। हाइफा पर भारत के अडानी समूह का नियंत्रण है। जहां इजराइल की सबसे बड़ी रिफाइनरी और प्रमुख पोर्ट स्थित हैं। हाइफा मे अब चारो ओर आग धधक रही है। पूरा हाईफा आग में झुलस रहा है। इससे अडानी समूह को भारी नुकसान हुआ है। वहीं इजराइल को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। ईरान ने पहली बार हाइपरसोनिक मिसाइल का प्रयोग किया। जिससे इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम की नाकामी उजागर हो गई है। इस हमले में इजरायल की कई इमारतें धराशायी हो गई हैं। सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। इजराइल के सभी क्षेत्रों में भय का माहौल देखने को मिल रहा है। इन हमलों से घबराए प्रधानमंत्री नेतन्याहू बंकर में जाकर छिप गये है। ईरान के जवाबी हमले इजराइल के लिए यह स्पष्ट संकेत है। ईरान के साथ यह लड़ाई अब आसान नहीं है। इजराइल कई वर्षों से हिजबुल्ला, हमास जैसे संगठनों से लड़ता आया है। ईरान का यह जो जवाबी हमला था, उसके सामने अब इजरायल पहली बार असहज हो गया है। अभी तक यह माना जाता था कि इजराइल का मुकाबला करने की स्थिति किसी के पास नहीं है। इजराइल के पास बाहरी हमलो को रोकने और दूसरे देशों में हमले करने की जो तकनीकी है। उसका कोई भी देश मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ईरान के इस हमले से यह धारणा अब टूट गई है। अमेरिका की 7.4 अरब डॉलर की आपात मदद और मिसाइल आपूर्ति के बावजूद इजराइल के लिए यह युद्ध अब आसान नहीं रहा। चीन और रूस का खुला समर्थन ईरान को मिल रहा है। जिससे यह टकराव वैश्विक राजनीतिक लड़ाई में बदलता जा रहा है। भारत ऐतिहासिक रूप से ईरान का सहयोगी रहा है। भारत और ईरान के बीच हजारों वर्ष पुराने संबंध हैं। इस युद्ध में कूटनीतिक रूप से भारत निष्क्रिय और असमंजस की स्थिति में दिखाई दे रहा है। भारत की चुप्पी और ईरान से दूरी, चीन को मध्य-पूर्व में ताकतवर शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। भारत को समझना होगा, संतुलित और गुटनिरपेक्ष विदेश नीति ही भारत की पहचान रही है। वर्तमान में भारत का इजरायल के प्रति एकतरफा झुकाव न केवल भारत की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाएगा। हमारी क्षेत्रीय भूमिका को भी वैश्विक स्तर पर कमजोर करेगा। इसका फायदा चीन उठा रहा है। जरूरत इस बात की है, भारत स्पष्ट रुख अपनाए। वर्तमान में अमेरिका और इजरायल जिस तरह से एकजुट होकर सारी दुनिया के देशों को धमका रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से सारी दुनिया के देशों को टैरिफ बार के जरिए कंट्रोल करना चाहते थे। उसको लेकर अमेरिका का विरोध सारी दुनिया में बढा है। अमेरिका के मुकाबले चीन सबसे सशक्त भूमिका में नजर आने लगा है। पिछले दो दशक में चीन ने बिना किसी विवाद में पड़े, अपने व्यापार और कारोबार को तेजी के साथ बढ़ाया है। एशियाई देशों में समझौते के माध्यम से बहुत बड़े भूभाग पर चीन ने कब्जा किया है। चीन आर्थिक सामरिक और कूटनीति मे बड़ा शक्तिशाली हुआ है। भारत ही एक ऐसा देश है जो चीन के मुकाबले में खड़ा हो सकता है। चीन की कोशिश हमेशा भारत को आगे बढ़ने से रोकने की होती है।

# आस्था...

## अगर आपके नाखूनों में हैं ये खास निशान, तो किस्मत देने वाली है आपका साथ, मिलेगी कोई बड़ी खुशखबरी,

आइए जानते हैं कि किस उंगली पर सफेद निशान होना क्या संकेत देता है और इसका आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार नाखूनों के ये निशान बताते हैं आपका व्यक्तित्व और भविष्य हस्तरेखा के बारे में तो आपने जरूर सुना होगा, जिसमें हाथ की रेखाओं से इंसान के भविष्य के बारे में जाना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ हाथ की रेखाएं ही नहीं बल्कि हमारे नाखून भी हमारे भाग्य के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। खासकर नाखून पर सफेद रंग के छोटे-छोटे धब्बे या निशान। ज्योतिष और सामुद्रिक शास्त्र में इसे भविष्य के शुभ और अशुभ संकेतों से जोड़ा गया है। कई बार आपने अपने नाखून पर सफेद रंग का छोटा सा धब्बा देखा होगा, जो कुछ दिनों बाद गायब भी हो जाता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि इसका मतलब क्या है? बता दें कि अलग-अलग उंगलियों पर बने इन सफेद निशानों का अलग-अलग असर और मतलब होता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि किस उंगली पर सफेद निशान होना क्या संकेत देता है और इसका आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। अंगूठे पर सफेद निशान अगर किसी के अंगूठे के नाखून पर सफेद निशान दिखाई दे, तो इसे शुभ संकेत माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसे लोग रिश्तों को निभाने में बहुत समर्पित होते हैं। ये अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी के लिए हमेशा वफादार रहते हैं। इनके रिश्ते मजबूत होते हैं और समाज में इन्हें सम्मान भी मिलता है। तर्जनी उंगली पर सफेद निशान हाथ की तर्जनी उंगली यानी इंडेक्स फिंगर के नाखून पर सफेद निशान होना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे लोग अक्सर व्यापार में बड़ी सफलताएं हासिल करते हैं।

नौकरी करने वाले लोगों को प्रमोशन या आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहती है। इनके जीवन में तरक्की के नए रास्ते खुलते हैं। को-एक्टर के साथ जुड़ा नाम तो टूटी लेि टनेंट कमांडर संग सगाई?

वरुण धवन के साथ लिपलॉक ने मचाया बवाल, जानें 47 साल की इस एक्टर की लव लाइफ सालों बाद बन रहा खतरनाक षडाष्टक और मंगल- केतु का योग, इस तारीख तक वायु, रेल, सड़क दुर्घटना और अग्निकांड के योग, कई देशों में युद्ध के भी बनेंगे हालात मैं मुसलमान हूं, मुझे गर्व है, फिल्म में धर्म का मजाक उड़ाने बोले आमिर खान, कहा- धर्म के नाम पर धंधा कम उम्र में बाल सफेद, छोटी उम्र में मां बनेंगी ।

# आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेष:** आप अपने सकारात्मक रवैये और आत्मविश्वास की वजह से आस-पास के लोगों को प्रभावित करेंगे। सट्टेबाजी से फायदा हो सकता है। कोई चिट्ठी या ई-मेल पूरे परिवार के लिए अच्छी खबर लाएगी। आज हो सकता है कि पहली नजर में ही आपको कोई पसंद कर ले। आज आपका कोई छुपा विरोधी आपको गलत साबित करने की पुरजोर कोशिश करेगा। वह काम जो आज आप दूसरों के लिए स्वेच्छा से करेंगे, न सिर्फ औरों के लिए मददगार साबित होगा बल्कि आपके दिल में खुद की छवि भी सकारात्मक होगी।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभ:** जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। पारिवारिक समारोह में नए दोस्त बन सकते हैं। हालाँकि अपने चयन में सावधानी बरतें। अच्छे दोस्त उस खजाने की तरह होते हैं, जिसे सारी जिंदगी दिल के करीब रखा जाता है। अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मुश्किल में फँस सकते हैं। कार्यालय में सबकुछ आपके पक्ष में जाता नजर आ रहा है।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुन:** सेहत को देखभाल की खास जरूरत है। आज के दिन धन हानि होने की संभावना है इसलिए लेन-देन से जुड़े मामलों में जितना आप सतर्क रहेंगे उतना ही आपके लिए अच्छा रहेगा। घर में और आस-पास छोटे-मोटे बदलाव घर की सजावट में चार चांद लगा देंगे। अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है। संयम और साहस का दामन थामे रखें। खास तौर पर तब जब दूसरे आपका विरोध करें, जिसकी कामकाज के दौरान संभावना है। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप खुशी महसूस करेंगे।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्क:** मानसिक शान्ति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। घरेलू जिन्दगी में कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। रोमांस के लिए बढ़ाए गए कदम असर नहीं दिखाएंगे। महिला सहकर्मी बहुत मददगार रहेंगी और अटके कामों को भली-भांति पूरा करने में सहयोग देंगी। अपने व्यक्तित्व और रंग-रूप को बेहतर बनाने का कोशिश संतोषजनक साबित होगी। गलतफहमी के लम्बे दौर के बाद इस शाम आपको जीवनसाथी के प्यार का तोहफा नसीब होगा।

**सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंह:** मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। घरेलू जिन्दगी में कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आज प्यार की कमी महसूस हो सकती है। आप किसी बड़ी योजना या घटना में भागीदार होंगे, जिसके लिए आपको सराहना और पुरस्कार मिलेंगे। आज आपके पास खाली समय होगा और इस समय का इस्तेमाल आप ध्यान योग करने में कर सकते हैं।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्या:** परिवार के इलाज से जुड़े खर्चों में इजाफे को नकारा नहीं जा सकता है। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है। घरेलू जिन्दगी में कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की जरूरत है, ताकि आप दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकें। अगर आपको एक दिन की छुट्टी पर जाना है तो चिंता न करें, आपकी गैरहाजिरी में सभी काम ठीक से चलते रहेंगे।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुला:** जिंदगी की ओर एक उदार रवैया अपनाएँ। अपने हालात की शिकायत करने और उसे लेकर दुःखी होने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यह ज्यादा मांगने वाली सोच जीवन की सुगंध को खत्म कर देती है और संतोषी जीवन की आशा का गला घोंट देती है। ग्रह नक्षत्रों की चाल आपके लिए आज अच्छी नहीं है, आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए। प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी। आपका प्रिय दिन भर आपको याद करने में समय बिताएगा।

**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिक:** अगर आप पिछले कुछ वक़्त से झुंझलाहट महसस कर रहें हैं तो आपको याद रखना चाहिए कि सही कर्म और विचार आज आपके लिए बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आएंगे। व्यापार में आज अच्छा खास मुनाफा होने की संभावना है। आज के दिन आप अपने बिजनेस को नई ऊंचाईयां दे सकते हैं। आप अपनी परेशानियों को भूलकर परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। संभव है आज आप अपने प्रिय को टॉफी और कॉकलेट वगैरह दें। नए विचार फायदेमंद साबित होंगे। तनाव से भरा दिन, जब नजदीकी लोगों से कई मतभेद उभर सकते हैं।

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनु:** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं। खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है। आज आपके माता-पिता में से कोई आपको धन की बचत करने को लेकर लेक्चर दे सकता है, आपको उनकी बातों को बहुत गौर से सुनने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में परेशानी आपको ही उठानी पड़ेगी। सबको अपनी महफिल में दावत दें। क्योंकि आपके पास आज अतिरिक्त ऊर्जा है।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकर:** आज आपके पास प्रचुर ऊर्जा होगी- लेकिन काम का बोझ आपकी खीज की वजह बन सकता है। आज आपकी कोई चल संपति चोरी हो सकती है इसलिए जितना हो सके इनका ध्यान रखें। घरेलू मामलों और काफी समय से लंबित घर के काम-काज के हिसाब से अच्छा दिन है। आपका प्रिय आपसे वादे की मांग करेगा, लेकिन ऐसा वादा न करें जिसे आप पूरा न कर सकें। काम के बाद आपके सहकर्मी आपको किसी छोटे घरेलू उत्सव पर आमंत्रित कर सकते हैं। आज अपने लिए वक्त निकालकर अपने जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभ:** आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ खींचेगा। जिन लोगों ने किसी अनजान शख्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। आपका कोई करीबी आज काफी अजीब मूड में होगा और उसे समझना लगभग असंभव साबित होगा। बीते दिनों की मीठी यादें आपको व्यस्त रखेंगी। आप खुद को समय देना जानते हैं और आज तो आपको काफी खाली समय मिलने की संभावना है। खाली समय में आज आप कोई खेल-खेल सकते हैं या जिम जा सकते हैं।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीन:** कामकाम में आपकी तेजी लम्बे समय से चली आ रही समस्या का समाधान कर देगी। आज आप अपना धन धार्मिक कार्यों में लगा सकते हैं जिससे आपको मानसिक शांति मिलने की पूरी संभावना है। अगर आप दफ़्तर में अतिरिक्त समय लगाएंगे, तो आपकी घरेलू जिंदगी पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। आपका प्रेमी आज आपकी बातों को सुनने से ज्यादा अपनी बातें कहना पसंद करेगा जिसकी वजह से आप थोड़े खिन्न हो सकते हैं। आप जीतोड़ मेहनत और धीरज के बल पर अपने उद्देश्य हासिल कर सकते हैं।



# ये हैं दुनिया की 5 सबसे कठिन डिग्रियां

अगर आप अपने करियर को ऊंचाइयों तक ले जाना चाहते हैं और शानदार कमाई करना चाहते हैं, तो इस आर्टिकल में बताए गई कठिन डिग्रियों में से किसी एक को चुन सकते हैं। हालांकि, इन डिग्रियों को हासिल करना आसान नहीं होता, लेकिन मेहनत और लगन से इन्हें पूरा करके आप अपने भविष्य को सुरक्षित और शानदार बना सकते हैं। अगर आप करियर में ऊंचाइयों को छूना चाहते हैं और अच्छी कमाई का सपना देख रहे हैं, तो आपके लिए सही डिग्री चुनना बेहद जरूरी है। दुनिया में कई डिग्रियां ऐसी हैं, जिन्हें पूरा करना आसान नहीं होता है, लेकिन एक बार हासिल करने के बाद इनका स्कोप और सैलरी पैकेज जबरदस्त मिलता है। कठिनाई के बावजूद, इन डिग्रियों की डिमांड हमेशा बनी रहती है। तो आइए दुनिया की 10 सबसे कठिन डिग्रियों के बारे में जानते हैं, जिन्हें पाकर आप लाखों की कमाई कर सकते हैं।

## बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी

अगर आप डॉक्टर बनना चाहते हैं, तो MBBS दुनिया की सबसे कठिन डिग्रियों में से एक मानी जाती है। इसमें लंबे समय तक पढ़ाई, इंटर्नशिप और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग करनी होती है। लेकिन इस फील्ड में करियर बना लिया, तो कमाई की कोई सीमा नहीं होती।

## इंजीनियरिंग

इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स काफी कठिन होता है, खासकर तब जब आप टॉप ब्रांच जैसे कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में पढ़ाई कर रहे हों। इसमें थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट्स और इंटर्नशिप का कॉम्बिनेशन होता है, जो इसे और भी चैलेंजिंग बना देता है।

## चार्टर्ड अकाउंटेंसी

CA कोर्स दुनिया के सबसे कठिन कोर्सों में से एक है। इसमें कई स्तर के एग्जाम होते हैं और पास करने की दर भी काफी कम होती है। लेकिन अगर आप इसे पूरा कर लेते हैं, तो बड़े कॉरपोरेट हाउस में लाखों-करोड़ों के पैकेज पर जॉब पा सकते हैं या खुद की फर्म शुरू कर सकते हैं।

## एस्ट्रोनॉमी और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग

अगर आपको अंतरिक्ष और विमानन विज्ञान में रुचि है, तो यह डिग्री आपके लिए है। लेकिन यह बहुत ही कठिन होती है, क्योंकि इसमें गणित, भौतिकी और तकनीकी ज्ञान की गहरी समझ जरूरी होती है। नासा, इसरो जैसी एजेंसियों में काम करने का सपना देखने वालों के लिए यह एक बेहतरीन करियर ऑप्शन है।



# लॉ के बाद जज बनने और वकालत करने के अलावा भी हैं ढेर सारे विकल्प

यदि आप अपनी बातों को प्रभावी ढंग से सामने वाले के सामने रख सकते हैं और जिसे भारत के कानून के बारे में नई-नई बात जानने की उत्सुकता बनी रहती है, आपके मन में अक्सर किसी व्यवस्था को लेकर उदगार पैदा होते हैं और आप समझते  हैं कि यदि आपके हाथ में कानून होता तो इसे ठीक करने की कोशिश करते , तो फिर लॉ का क्षेत्र आपके लिए ही है।  अगर आप लॉ के बाद इसमें करियर बनाने की सोच रहे  हैं तो आपको बता दें कि इसमें काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

लॉ में करियर लंबे समय से युवाओं के बीच पॉपुलर रहा है और अब इसमें विकल्पों के बढ़ने आपके लिए मनमाफिक विकल्प चुनना भी आसान हो गया है। दरअसल कानूनी पेचिदगियों और समाज के विस्तार के चलते कानून के जानकार प्रोफेशनल्स की जरूरत हर जगह बढ़ गई है। आज के समय में आम लोगों अपने अधिकारों के प्रति काफी जागरूक हैं, वे कानूनी प्रक्रियाओं को समझना चाहते हैं, ऐसे में लॉ में करियर बनाने वालों का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है। साथ ही हर दिन किसी नई खोज या तकनीकी विकास के चलते पुराने और प्रचलित कानूनों में संशोधन करने की जरूरत होती है। और इस लिहाज से भी कानून के जानकारों की मांग में में इजाफा हुआ है।

## लॉ का ये है पाठ्यक्रम

लॉ से सम्बंधित 2 पाठ्यक्रम होते हैं पहला, 10+2 के बाद पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड लॉ पाठ्यक्रम और ग्रेजुएशन के बाद तीन वर्षीय लॉ पाठ्यक्रम। पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड लॉ पाठ्यक्रमों में भी अब पाँच प्रकार के पाठ्यक्रम हो गए हैं - आर्ट्स के छात्रों के लिए बीए एलएलबी, साइंस के छात्रों के लिए बीएससी एलएलबी, कॉमर्स के छात्रों के लिए बीकॉम एलएलबी, कंप्यूटर साइंस के छात्रों के लिए बीसीए एलएलबी और मैनेजमेंट के छात्रों के लिए बीबीए एलएलबी। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आपको क्लैट यानि कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट से गुजरना होगा, जो वर्ष में एक बार होता है। आपकी रैंकिंग के आधार पर आपको कॉलेज अलॉट किए जायेंगे। देश में कई ऐसे सरकारी विश्वविद्यालय हैं, जहाँ केवल लॉ की ही पढ़ाई होती है। ग्रेजुएशन के बाद के लॉ पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय अपना-अपना एंट्रेंस टेस्ट संचालित करते हैं।

## इस तरह बनें लायर



वह समय ख़त्म हो गया, जब आप लॉ की परीक्षा पास कर काला कोट पहन कर सीधे वकालत में सकते हैं। लॉ के बाद आपको बार काउन्सिल ऑफ़ इंडिया द्वारा संचालित आल इंडिया बार एग्जामिनेशन यानि एआईबीई देना होगा, जिसके बाद ही आप वकालत के लिए योग्य घोषित कर दी जाएंगी। इसके बाद आपका रजिस्ट्रेशन बार काउन्सिल ऑफ़ इंडिया में हो जायेगा और तब आप वकील के तौर पर काम करने की योग्यता प्राप्त कर लेंगीं।

## एकेडमिक्स में जाएं

यदि आपका ध्येय केवल एक वकील की तरह भारत के किसी भी न्यायलय में वकालत को अपना करियर बनाना है, तो इसमें एलएलएम (लॉ में पोस्ट ग्रैजुएट) की कोई भूमिका नहीं है। इसके लिए आपकी एलएलबी की डिग्री ही पर्याप्त है। एलएलएम और पीएचडी मुख्य रूप से वे महिलाएं करती हैं, जो लॉ के क्षेत्र में एकाडेमिक्स में जाना चाहती हैं और आगे चलकर किसी लॉ कॉलेज में एक लेक्चरर के रूप में अपना करियर बनाना चाहती हैं। अगर आप किसी कानून विशेष में स्पेशलाइजेशन करना चाहती हैं, तो पीजी और पीजी डिप्लोमा स्तर पर स्पेशलाइजेशन के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं।

## एनवायरमेंटल लॉयर

अगर आप प्रकृति के संरक्षण के बारे में गंभीरता से सोचती हैं तो एन्वायरमेंटल लॉयर बनने के बारे में सोच सकती हैं। इसके जरिए आप प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने से जुड़ी चीजों को बचाने की बात कह सकती हैं। इसके तहत आप पब्लिक इंट्रस्ट लिटिगेशन भी डाल सकती हैं। इसके अलावा एन्वायरमेंटल लॉयर्स की जरूरत एनजीओज में भी होती है, जो प्रकृति को होने वाले नुकसान पर आवाज उठाते हैं।

## साइबर लॉयर

टेक्निकल एडवांसमेंट के दौर में साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं और इन पर काबू पाने के लिए साइबर लॉयर्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। खासतौर पर फर्जी ई-मेल भेजना, सोशल अकाउंट हैक करना, कंपनियों के साथ फॉड, खातों से फर्जी तरीके से पैसे निकालना, एसएमएस हैकिंग, मोबाइल क्लोनिंग जैसे मामले सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए कंप्यूटर और नेटवर्क सिक्योरिटी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसे देखते हुए आप कंप्यूटर एंड डिजिटल फॉरेंसिक एक्सपर्ट बनने के बारे में भी सोच सकती हैं।

## पेटेंट एंड कॉपीराइट लॉयर

कई बार लोग अवैध रूप से किसी अन्य व्यक्ति की खोज को अपना नाम दे देते हैं, इससे सुरक्षा देता है पेटेंट एंड कॉपीराइट लॉ। कानूनी तौर पर अगर कोई थर्ड पार्टी मूल प्रॉडक्ट को बनाना चाहती है, तो उसे इसके लिए लाइसेंस लेने की जरूरत होती है और उस पर रॉयल्टी शुल्क देना पड़ता है। बौद्धिक संपदा यानी Intellectual Property बिजनेस के उभरते हुए क्षेत्रों में से एक है और इसमें यंग प्रोफेशनल्स की अच्छी खासी मांग है।



## लेबर लॉयर

कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों के अधिकार लेबर लॉ के तहत आते हैं। अक्सर कंपनियों में काम कर रहे इंप्लॉई अपने अधिकार और अन्य विवादों को लेकर अदालत में पहुंच जाते हैं। लेबर लॉ से जुड़े मामलों में इजाफा होने की वजह से इसमें भी आपके लिए आपके लिए अच्छी संभावनाएं हो सकती हैं।

## इंटरनेशनल लॉयर

अगर आपकी अंग्रेजी अच्छी है और आपकी अंतरराष्ट्रीय घटनाओं में रुचि है तो आप इंटरनेशनल लॉयर बनने के बारे में भी सोच सकती हैं। इसके तहत विभिन्न राष्ट्रों के राष्ट्रीय हितों से जुड़ी समस्याओं का कानूनी तरीके से हल निकाला जाता है।

## कॉरपोरेट लॉयर

देश में कंपनियों के बढ़ते प्रसार के बीच आजकल कॉरपोरेट लॉ का स्कोप भी काफी अच्छा है। इसके तहत कंपनियां ऐसे प्रोफेशनल्स अपने यहां रखती हैं, जो उन्हें अपनी कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में सलाह दे सकें। कॉरपोरेट लॉयर्स के तौर पर अच्छा तजुर्बा हासिल होने पर अच्छा पे-पैकेज भी मिलता है।

## ये हैं जरूरी गुण

- बेहतर संवाद क्षमता
- अच्छी मेमोरी
- हाजिरजवाब
- तार्किक और चीजों का विश्लेषण करने में निपुण
- धैर्यवान होने का गुण
- समस्याओं के अनूठे हल निकालने में सक्षम
- कानूनी पहलुओं की अच्छी जानकारी
- समर्पण और कड़ी मेहनत



# बीसीए के बाद अच्छी जॉब के लिए बेहतरीन करियर ऑप्शंस



**बीसीए, एक पॉपुलर अंडरग्रेजुएट कोर्स है, जिसे कंप्यूटर साइंस और आईटी फील्ड में करियर बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, इस कोर्स को करेने के बाद, आगे क्या करें सोच कर आप भी परेशान चल रहे हैं, तो चलिए हम आपको यहां बीसीए के बाद के कुछ बेहतरीन करियर ऑप्शंस के बारे में बताते हैं।**

अगर आपने अंडरग्रेजुएट कोर्स बीसीए कर लिया है और अब समझ नहीं आ रहा कि आगे क्या करें, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। भले ही, अक्सर स्टूडेंट्स बीसीए के बाद क्या करें? इस सवाल को लेकर कंफ्यूज हो जाते हैं, पर आपको इतना सोचने की जरूरत अब तो बिल्कुल भी नहीं है, क्योंकि बीसीए के बाद आपके पास करियर के कई बेहतरीन विकल्प होते हैं, जिनमें उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरियां और प्राइवेट सेक्टर में हाई-सैलरी जॉब्स शामिल हैं। सही करियर ऑप्शन का चुनाव आप अपने स्किल्स, इंटरेस्ट और करियर गोल्स के आधार पर कर सकते हैं।

इसी क्रम में आइए हम आपकी दुविधा को दूर करते हैं। दरअसल, इस आर्टिकल में हम आपको बीसीए के बाद मिलने वाले टॉप करियर ऑप्शंस के बारे में विस्तार से बताएंगे, जिससे आप अपने फ्यूचर के लिए सही फैसला ले सकें और आगे जाकर आप एक अच्छी जॉब व हाई सैलरी पा सकें। बीसीए के बाद बेहतरीन करियर ऑप्शंस -

## MCA (Master of Computer Applications)

अगर आप अपनी तकनीकी स्किल्स को और मजबूत करना चाहते हैं, तो MCA करना एक बेहतरीन ऑप्शन है। यह कोर्स आपको सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे एडवांस्ड टॉपिक्स सिखाता है। रही बात इस कोर्स के बाद जॉब ऑप्शंस की तो आप इससे सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, डेटा साइंटिस्ट, आईटी कंसल्टेंट आदि बन सकते हैं। इसमें आपको लगभग रू 5-12 लाख प्रति वर्ष का पैकेज भी मिल सकता है।

## MBA (Master of Business Administration)

अगर आप मैनेजमेंट और लीडरशिप में करियर बनाना चाहते हैं, तो स्क्रआपके लिए सही रहेगा। खासकर IT Management, Business Analytics और Digital Marketing में MBA करने से आपको कॉर्पोरेट सेक्टर में अच्छी जॉब मिल सकती है। इस जॉब में आपको शुरुआत में कम से कम रू 6-15 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिल सकता है।

## डेटा साइंस और मशीन लर्निंग में बनाएं करियर

बीसीए के बाद डेटा साइंस और मशीन लर्निंग में करियर बनाना आज के समय में बहुत अच्छा विकल्प है। इस फील्ड में जॉब्स की डिमांड तेजी से बढ़ रही है और सैलरी भी काफी अच्छी है। बीसीए करने के बाद, आप डेटा साइंटिस्ट, एआई इंजीनियर, मशीन लर्निंग डेवलपर आदि बन सकते हैं। बात अगर सैलरी पैकेज की करें तो आपको रू 8-20 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिल सकता है।

## डिजिटल मार्केटिंग और SEO में हाथ आजमाएं

अगर आपको क्रिएटिविटी और मार्केटिंग में रुचि है, तो डिजिटल मार्केटिंग एक बेहतरीन करियर ऑप्शन हो सकता है, जो आप बीसीए करने के बाद आराम से कर सकते हैं। कंपनियां अपने बिजनेस को ऑनलाइन प्रमोट करने के लिए डिजिटल मार्केटर्स को हायर कर रही हैं। ऐसे में, आपको डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, SEO एक्सपर्ट, कंटेंट मार्केटर की पोस्ट मिल सकती है। साथ ही, रू 4-12 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिल सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### किसी को दोषी बताना ठीक नहीं पर तय हो जवाबदेही: खरगे

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि ऐसी त्रासदी के समय किसी को श्रेय लेने की होड़ नहीं करनी चाहिए। अब जब ब्लैक बॉक्स मिल गया है तो देखना होगा कि जांच का नतीजा क्या होता है। मौके पर किसी को दोषी ठहराना ठीक नहीं है। सभी पात्र लोगों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा जो भी जिम्मेदार है, उसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए... कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा- अहमदाबाद में बहुत दुखद हादसा हुआ है। इतिहास में इस घटना को कोई नहीं भूल पाएगा। इस हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं, हम उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। मैं इस हादसे में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति के साहस की सराहना करता हूं। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। खरगे ने आगे कहा- सरकार को विमान दुर्घटना के पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा देना चाहिए और जवाबदेही तय करनी चाहिए। यह कहना सही नहीं है कि ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं और यह एक सामान्य बात है। ऐसे समय में पूरे देश के लोगों को एक साथ आना चाहिए। मैं पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से अनुरोध करूंगा कि वे लोगों की मदद करते रहें। यदि पीड़ितों को किसी चीज की जरूरत है तो उन्हें उसका भी इंतजाम करना चाहिए। इस बीच केंद्र सरकार ने हादसे के वजहों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक हाई लेवल कमेटी गठित की है। कमेटी हादसे की वजह का पता लगाएगी और तकनीक विफलता, मानवीय भूल, मौसम की स्थिति, नियामक अनुपालन एवं अन्य वजहों समेत हादसे में योगदान देने वाले कारणों का आकलन करेगी। पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के मुताबिक, जांचकर्ता दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं, जिनमें 11 साल पुराने विमान के दोनों इंजनों में थ्रेस्ट की कमी, पक्षियों का टकराना या फ्लैप में समस्या शामिल है।

### बेटे ने दोस्त को सुपारी देकर कराई थी पिता की हत्या

**रेवाड़ी, एजेंसी।** गुरुग्राम से सटे हरियाणा के रेवाड़ी में बेटे द्वारा सुपारी देकर बुजुर्ग पिता की हत्या करवाने का मामला सामने आया है। रामपुरा थाना पुलिस ने मृतक के आरोपी बेटे रवि और सुपारी किलर कृष्ण को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है। 10 जून की रात को पिता का शव गांव ढोढवाल के पास खेत में मिला था। रेवाड़ी जिले में 5 एकड़ जमीन बेचने के बाद रुपये नहीं देने पर बेटे ने पांच लाख रुपये की सुपारी देकर पिता की हत्या करवाई थी। शुक्रवार को डीएसपी सिटी जोगेंद्र शर्मा ने बताया कि 10 जून की रात को गांव ढोढवाल के 62 वर्षीय बीर सिंह का शव पास के खेत में पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मृतक के बेटे रवि ने पुलिस को गुमराह करते हुए कहा कि उनके परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। खेतों में आवारा पशु प्राय: हमला करते रहते हैं। उनके पिता को भी किसी पशु ने अपना शिकार बनाया होगा, जिससे उनकी मौत हो गई। डीएसपी ने कहा कि पोस्टमॉर्टम के दौरान डॉक्टरों ने मृतक की गर्दन पर चाकू से कई वार किए जाने का उल्लेख किया तो पुलिस ने मृतक की पत्नी सुशीला के बयान पर रामपुरा थाना में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। डीएसपी शर्मा ने कहा कि पूछताछ में बेटे रवि ने खुलासा किया कि चार साल पहले उसके पिता ने पांच एकड़ जमीन एक प्राइवेट कंपनी को लाखों रुपयों में बेची थी। जमीन के रुपयों को लेकर पिता के साथ उसकी अनबन चल रही थी। उसने पिता की हत्या करने के लिए पुंसिका के रहने वाले अपने दोस्त कृष्ण को पांच लाख रुपये की सुपारी दी थी। डीएसपी के मुताबिक, प्लान के अनुसार 10 जून की सुबह कृष्ण बिजली की लाइन ठीक करने के बहाने से बीर सिंह के ट्यूबवेल पर चला गया और उसने वहां बीर सिंह को भी बुला लिया। कृष्ण ने बीर सिंह की गर्दन में चाकू गोदकर हत्या कर दी। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया है। डीएसपी ने कहा कि रवि आपराधिक प्रवृति का है और थाना कसौला व जिला नूहं के थाना फिरोजपुर झिरका में उसके खिलाफ केस दर्ज हैं।

### एमपी के बालाघाट में 3 महिलाओं समेत 4 नक्सली ढेर

**बालाघाट, एजेंसी।** एमपी के बालाघाट जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए 4 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बताया कि बालाघाट जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच कल रात से मुठभेड़ जारी थी। इसमें सुरक्षा बलों ने 4 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में एक पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार भी बरामद हुए हैं। पुलिस मुख्यालय का कहना है कि घटना स्थल पर लगातार बारिश के बीच भी नक्सलनिरोधक अभियान जारी है। बालाघाट नक्सली मुठभेड़ पर मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के संकल्प की दिशा में लगातार काम कर रहा है। बालाघाट में हुई मुठभेड़ में 4 नक्सली मारे गए हैं।

# इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण जॉर्जिया में फंसे 61 राजस्थानी, सरकार से लगाई मदद की गुहार

**जैसलमेर, एजेंसी।** राजस्थान से आठ दिन पहले यूरोपिय देश जॉर्जिया गया 61 लोगों का एक दल इजराइल-ईरान संघर्ष की वजह से वहां फंस गया है। दरअसल इस संघर्ष के शुरू होने के बाद विमान कंपनियों ने बड़े पैमाने पर अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिसके चलते ये लोग वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने वहां से निकलने के लिए भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। इस दल में मुख्य तौर पर 29 चार्टर्ड अकाउंटेंट और उनका परिवार शामिल है, जिनमें 3 बच्चों समेत कुल 61 लोग हैं। इन लोगों को शनिवार को एयर अरेबिया की फ्लाइट से जयपुर लौटना था, लेकिन मध्य एशिया में शुरू हुए संघर्ष की वजह से उनकी फ्लाइट रद्द हो गई, जिससे ये लोग फिलहाल वहीं फंस गए हैं।

राजस्थानी लोगों का यह ग्रुप जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में आयोजित एक आवासीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लेने के लिए वहां गया था और 13 जून को शारजाह के रास्ते भारत लौटने वाला था। हालांकि, बढ़ते तनाव के कारण कई विमान कंपनियों ने वहां से उड़ान सेवाएं निलंबित कर दी हैं, जिससे प्रतिनिधिमंडल जॉर्जिया में फंस गया है।

फंसे हुए लोगों में तीन सदस्य जैसलमेर के भी हैं। उनमें से एक, भाविक भाटिया ने परिजनों को भेजे एक वीडियो में भारत सरकार से तत्काल सहायता की अपील की। उन्होंने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से उनकी सुरक्षित निकासी के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। भाटिया ने अपने संदेश में कहा, हालांकि जॉर्जिया में स्थिति शांत है और सभी सदस्य अपने होटल में सुरक्षित हैं, लेकिन वर्तमान हालातों ने यहां फंसे हुए लोगों में चिंता और भय पैदा कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए भाविक भाटिया ने लिखा, हम 61 वयस्कों का समूह हैं, जिनमें 3 बच्चे भी हैं। आज हमारी जयपुर के लिए एयर अरेबिया जी9 297, जी9 435 की फ्लाइट थी, जो इजरायल और ईरान मुद्दे के कारण रद्द हो गई है। कृपया हमें भारत पहुँचने में मदद करें। राजस्थान में उनके परिवार के सदस्य भी उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं और उन्होंने सरकार से उनकी जल्द वापसी में मदद करने का आग्रह किया है। भाविक के पिता प्रमोद भाटिया ने जैसलमेर में संवाददाताओं से कहा कि हमारा परिवार बहुत चिंतित हैं। हम चाहते हैं कि वे सभी जल्द से जल्द सुरक्षित घर लौट आएं। उधर इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के केंद्रीय परिषद सदस्य रोहित रुवतिया ने कहा, हालांकि जॉर्जिया में कोई खतरा नहीं है, लेकिन हवाई संपर्क में अचानक व्यवधान के कारण वे वापस यात्रा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा, कोर्स में भाग लेने के लिए 61 लोगों का समूह 8 जून को जयपुर से रवाना हुआ था। समूह में 29 सीए और उनके परिवार के सदस्य शामिल थे।

### 8 वीं पास ठगों ने कई राज्यों के अनुभवी व्यापारियों से ठगे लाखों

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** यूपी के मुजफ्फरनगर में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने फेसबुक पर फल व सब्जी विक्रेता कम्पनी के नाम से फर्जी पेज बनाकर विभिन्न राज्यों में ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी फर्जी तरीके से फेसबुक पर पेज बनाकर लोगों से 50 लाख से अधिक की ठगी कर चुके हैं। उनके खिलाफ विभिन्न राज्यों में धोखाधड़ी के मामले में दर्ज हैं। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 4 पासबुक, 3 चैक बुक, 9 सिमकार्ड, 3 मोबाइल व एक लैपटॉप बरामद किया है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित आनलाइन पोर्टल प्रतिबिम्ब पर जनपद मुजफ्फरनगर से फेसबुक पर फल व सब्जी विक्रेता कम्पनी के नाम सेपेज बनाकर धोखाधड़ी की शिकायतें मिली थी। शिकायतों की जांच साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा की गयी। साइबर क्राइम थाना प्रभारी सुल्तान सिंह ने अपनी टीम के साथ खतौली के नहर पटरी से अहमद नवाज निवासी मोहल्ला काजीयान चौक खतौली, हाल जैननगर कस्बा खतौली व अमन निवासी मोहल्ला काजियान खतौली को गिरफ्तार कर लिया।

## जम्मू-कश्मीर में एकमात्र आप विधायक ने सरकार से वापस लिया समर्थन

**जम्मू , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आम आदमी पार्टी के एकमात्र विधायक मेहराज मलिक ने राज्य की नेशनल कांफ्रेस सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। अपने फैसले को मलिक ने राज्य के लोगों के हित में बताया और कहा कि राज्य की उमर अब्दुल्ला सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है।

अपनी पोस्ट में विधायक ने लिखा, मैं, डोडा से विधायक मेहराज मलिक, सरकार गठबंधन में नेशनल कॉन्फ्रेंस को दिया अपना समर्थन वापस लेता हूं। यह निर्णय जम्मू-कश्मीर के मेरे लोगों के सर्वोत्तम हित में लिया गया है, जिनका विश्वास और कल्याण हमेशा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसके बाद की अपनी एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, केजरीवाल जी ने 49 दिनों के बाद इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि वे लोगों की उस तरह से सेवा नहीं कर पा रहे थे जैसा वे चाहते थे। उमर अब्दुल्ला जी 9 महीने से ज्यादा समय से सत्ता में हैं, फिर भी उन्होंने कुछ नहीं किया है, इसलिए नहीं कि वे कर नहीं सकते, बल्कि इसलिए कि वे नहीं करेंगे। जन सेवा के लिए बहानों की नहीं, इरादों की जरूरत होती है। इससे एक दिन पहले मलिक ने एक्स पर लिखा था, 'अब बहुत हो गया, सरकार के 9 महीने। आने वाले दिनों में बड़ा फैसला लिया जाएगा। जवाबदेह होने का समय। कार्रवाई करने का समय।' बता दें कि बीते महीने के आखिरी सप्ताह में जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले से विधायक मलिक उस वक्त विवादों में आ गए थे, जब पुलिस ने उन पर एक महिला डॉक्टर की कथित मानहानि, आपराधिक धमकी देने और अपमान करने के आरोप में आम आदमी पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रमुख और विधायक मेहराज मलिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। यह एफआईआर एक मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर की शिकायत पर दर्ज की गई, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल सार्वजनिक रूप से धमकियां देने और उनके खिलाफ अपमानजनक, लैंगिक और अशोभनीय टिप्पणी करने के लिए किया।

### क्यों गिर जाता है विमान? अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर पायलट सांसद ने बताया; जताई एक आशंका

**अहमदाबाद, एजेंसी।** बीते दिनों अहमदाबाद में प्लेन क्रैश हादसे में 274 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे को लेकर अलग-अलग एक्सपर्ट्स ने अपनी राय दी है। अब अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पायलट राजीव प्रताप रूडी का बयान सामने आया है। रूडी ने कहा कि ऐसा रेयर होता है कि प्लेन टेक ऑफ अच्छे से कर ले और उसके बाद क्रैश हो जाए। इस दौरान बीजेपी के पायलट सांसद ने एक और आशंका जताई है, जिसमें मानवीय गलती की ओर इशारा किया गया है। अहमदाबाद प्लेन क्रैश को लेकर बात करते हुए भाजपा के पायलट सांसद ने टेक ऑफ को लेकर पूरी डिटेल दी है। डिटेल देते हुए राजीव प्रताप ने बताया कि जब प्लेन टेक ऑफ करता है और जमीन से अलग होकर हवा में पहली उड़ान भरता है तो इंजन की ताकत सबसे ज्यादा लगती है। इसके बाद प्लेन धीरे-धीरे ढाई डिग्री से लेकर 7-8 डिग्री तक डिग्री के रोटेशन तक चला जाता है। इस दौरान जैसे-जैसे विमान ऊपर जाता है, उसके फ्लैप में बदलाव किया जाता है, ताकि प्लेन और ऊपर की ओर जा सके। रूडी ने बताया कि वीडियो में दिख रहा है कि 600 फीट की ऊंचाई तक पहुंचने के बाद भी लैंडिंग गेयर विमान के बाहर ही थे। रूडी ने कहा कि ऐसा कभी नहीं होता है।

# बारिश से अरुणाचल बेहाल, कट गया नेशनल हाइवे, 8 दिनों से अलग-थलग है चीन से सटा अंजाव जिला

**इटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश में जोरदार बारिश का कहर देखने को मिला है। इसके चलते अरुणाचल प्रदेश का अंजाव जिला देश के अन्य हिस्सों से पिछले आठ दिनों से पूरी तरह से कटा हुआ है। भारत-चीन और भारत-म्यांमार सीमा को जोड़ने वाला नेशनल हाइवे-113 पर भी कई जगह कटाव और गड्ढे हो गए हैं। इसकी वजह से यह रास्ता भी इस्तेमाल के लायक नहीं है। इस हाइवे के अरोवा-खुपा-हायुलियांग के मोनपानी सेक्शन पर भी हालात ठीक नहीं है। इस वजह से स्थानीय लोगों तो परेशानी हो ही रही है। साथ ही रणनीतिक रूप से अहम चीनी सीमा से सटे इलाकों तक पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है।

**सामान लाना भी हुआ मुश्किल**

रास्ता बंद होने के चलते दूर स्थित किबिथू और चगलगाम तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। चीन और म्यांमार की सीमा से जुड़े होने के चलते यह दोनों इलाके रणनीतिक रूप से बेहद अहम हैं। वहीं, कई इलाकों में स्थानीय समुदाय के लोग अलग-थलग पड़ गए हैं। खासतौर पर हायुलियांग, हवाई और आसपास के गांवों में चीजों की भारी किल्लत हो रही है। वाहनों का यातायात ठप होने के चलते तमाम स्थानीय लोग कई किलोमीटर पैदल चलकर जरूरी चीजें लाने के लिए विवश हैं।

**एडवाइजरी जारी :** स्थानीय अधिकारियों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें स्थानीय निवासियों से रात में यात्रा करने से





बचने और सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। इस बीच महिला एवं बाल विकास मंत्री और इस क्षेत्र से विधायक दासांग्लू पुल ने जमीन पर हालात का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मोनापानी में काम चल रहा है। इसके लिए अधिकारी पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं। इसके अलावा फंसे हुए लोगों की मदद के लिए हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू की गई है।

**बनेगा अस्थायी रास्ता :** मंत्री पुल ने यह भी बताया कि अस्थायी तौर पर एक रास्ते की मंजूरी दी गई है, ताकि भविष्य में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसका इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहाकि एक बार हालात सामान्य हो जाने के बाद इस नए रास्ते के लिए काम शुरू होगा। एनएच-113 कॉरिडोर के महत्व पर जोर देते हुए मंत्री ने कहाकि यह रास्ता हाइवे से बढ़कर है। यह लाइफलाइन है। मैं लोगों से अपील करती हूं कि शांति और सहयोग बनाए रखेंगे। लोगों की समस्या को हल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# इजरायली हमलों के बीच ईरान में फंसे भारतीयों की जल्द वापसी करवाएं सरकार: ओवैसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच में इन दिनों जमकर टसल चल रही है। दोनों ही देश एक-दूसरे के ऊपर रॉकेट्स, मिसाइल, ड्रोन्स से हमला कर रहे हैं। इसी बीच हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से गुहार लगाई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि कई भारतीय नागरिक वहां फंसे हुए हैं। इनमे से कई छात्र भी हैं। ऐसे में सरकार को जल्द से जल्द इन्हें वहां से निकालने की व्यवस्था करनी चाहिए।

सोशल मीडिया साइट पर ओवैसी ने इन नागरिकों के लिए अपनी चिंता जाहिर की। उन्होंने लिखा, ईरान में 1,595 भारतीय छात्र फंसे हुए हैं, जिनमें से 140 छात्र तेहरान यूनिवर्सिटी में मेडीकल की पढ़ाई पढ़ रहे हैं। इन छात्रों के अलावा इराक में 183 भारतीय तीर्थयात्री भी फंसे हुए हैं। मैंने संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश से इस वाले में बात की और फंसे हुए लोगों की जानकारी साझा की है। इन लोगों



को तुरंत वहां से निकालने की आवश्यतकता है। मैं विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से अनुरोध करूंगा कि इनकी जल्द से जल्द वापसी सुनिश्चित की जाए।

आपको बता दें शुक्रवार तड़के इजरायली फाइटर जेट्स ने ईरान की राजधानी समेत कई जगहों पर बम बरसाए थे। इजरायली एयरफोर्स ने ईरान के कई बड़े सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाया है। इजरायल की तरफ से यह हमला इतनी बड़ी तादाद में किया गया कि सुबह तक इजरायली विमान तेहरान के आसमान में मंडराते हुए दिखाई देते रहे। इजरायली सेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह से तबाह कर दिया। इस हमले में ईरान के 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

इजरायली हमले का जवाब देते हुए ईरान ने भी पूरे इजरायल पर मिसाइलों और रॉकेट्स और प्रोजेक्टाइल से हमला बोला। दुनिया में अपने डिफेंस के लिए मशहूर इजरायल का आयरन डोम ने काफी हद तक ईरानी हमलों को रोक लेकिन पूरी तरह से वह सक्षम नहीं हुए। ईरान की तरफ से किए गए इस हमले में इजरालय के कई रिहायशी इलाकों को नुकसान हुआ है।

अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में तीन लोगों की मौत हुई है। दोनों देशों के बीच में माहौल काफी गर्मा गया है। आने वाले दिनों में इस लड़ाई के और भी ज्यादा बढ़ने की आशंका है।

# अस्पताल ने व्यक्ति को मृत घोषित किया, अंतिम संस्कार की तैयारी करते समय जग गया

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के उल्हासनगर में अस्पताल के डॉक्टर की ओर से मृत घोषित किया गया व्यक्ति उस समय जग गया, जब उसका परिवार उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने शनिवार को बताया कि पीलिया से पीड़ित अभिमन्यु तायडे को बेचैनी की शिकायत के बाद स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल के डॉक्टर ने मृत्यु प्रमाणपत्र जारी कर दिया। इसके बाद परिवार ने उनके अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी, इसी दौरान अभिमन्यु तायडे जाग गए। अस्पताल के एक डॉक्टर ने अपनी गलती स्वीकार की, लेकिन दावा किया कि उन्होंने मानवीय आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र दिया था, जब परिवार ने स्वयं बताया था कि तायडे की मौत हो गई है। तायडे का फिलहाल दूसरे अस्पताल में इलाज चल रहा है। हॉस्पिटल की लापरवाही के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी, यह जानने के लिए उल्हासनगर नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। एम्बुलेंस उपलब्ध न होने कारण शिशु की मौत वहीं, महाराष्ट्र के पालघर जिले के मोखाडा में एक महिला ने एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण गर्भ में ही अपने बच्चे को खो दिया। उसकी नाजुक हालत के कारण उसे एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल



भटकना पड़ा। महिला के परिजनों ने शनिवार को यह दावा किया। महिला के पति ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने घटना के बारे में जवाबदेही तय करने की मांग की तो पुलिस ने उनकी पिटाई कर दी। हालांकि, अधिकारियों ने इन दावों का खंडन किया है। जोगलवाड़ी गांव की रहने वाली अविता कवार को 10 जून को प्रसव पीड़ा शुरू हुई, लेकिन 108 नंबर पर कॉल करने के बावजूद उसे एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। 11 जून को भी यही हुआ और नतीजा वही रहा, जिसके बाद उन्हें निजी वाहन से खोडाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां के डॉक्टरों ने पहले तो इलाज का आश्वासन दिया, लेकिन 3 घंटे बाद उन्होंने कहा कि उसे मोखाडा ग्रामीण अस्पताल में ले जाया जाए क्योंकि उसकी हालत गंभीर थी।

# दिल्ली विधानसभा बनी पेपरलेस, ई-विधानसभा का केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने किया शुभारंभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा अब पूरी तरह पेपरलेस हो गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को विधानसभा भवन में ई-विधानसभा प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ किया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उप सभापति मोहन सिंह बिष्ट और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दिल्ली विधानसभा में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखना विधायी दक्षता और पारदर्शिता के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा, अब मैं कह सकता हूं कि दिल्ली को उस तरह की उत्तरदायी सरकार मिल गई है। नौ करोड़ रुपए की मंजूरी के साथ 108 दिनों के अंदर ई-विधान प्रणाली को लागू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, यह आयोजन विधायी शासन के डिजिटलीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जबकि कई राज्य पहले ही ई-विधान प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर चुके हैं, दिल्ली को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल में शामिल होते देखना उत्साहजनक है। मुझे इस प्रगतिशील विकास का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। मैं दिल्ली विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा के रूप में देखना चाहता हूं और यह पहल निश्चित रूप से उस




लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को धरातल पर उतारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि अब दिल्ली विधानसभा नेशनल ई-विधानसभा पोर्टल से जुड़ गई है और आगामी मानसून सत्र पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ई-विधान प्रणाली के तहत विधानसभा की कार्यवाही, प्रश्नोत्तर, नोटिस, दस्तावेज और अन्य जरूरी कार्य अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ही उपलब्ध होंगे। इससे न केवल कागज की बचत होगी, बल्कि कार्य प्रणाली भी अधिक पारदर्शी और सुगम बनेगी। केंद्र सरकार की ओर से इस पहल के लिए दिल्ली विधानसभा को नौ करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, अगले 30 दिन में मानसून सत्र की सभी तैयारियां डिजिटल रूप में पूरी कर ली जाएंगी।

# बोरसे-बाबूता की जोड़ी ने वर्ल्डकप में गोल्ड जीता

## 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में पहले स्थान पर रहे, भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड इवेंट में चीनी जोड़ी को 17-7 से हरा कर गोल्ड मेडल जीता। आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को बर्लिन में खेले जा रहे ढ्रस्स्न(इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को दूसरा गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मिक्स्ड इवेंट में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। नॉर्वे के जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी को 16-14 से हरा कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

बोरसे और बाबूता क्वालिफिकेशन में 635.2 के साथ फाइनल में अपना स्थान पक्का किया बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ फाइनल के लिए स्थान पक्का किया। वह दूसरे स्थान पर रहे। बबूता ने क्वालिफिकेशन में 317.7 का स्कोर बनाया जबकि बोरसे ने




317.5 का स्कोर कर। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में, बोरसे ने पेरू के लीमा में वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में रुद्राक्ष पाटिल के साथ मिलकर सिल्वर मेडल हासिल किया था। भारत पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर बर्लिन में खेले जा रहे वर्ल्ड कप में भारत ने चार मेडल के साथ पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की जोड़ी ने जहां 10 मीटर राइफल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता, वहीं सुरुचि ने 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीता। जबकि सिफ्ट कौर समरा और एलावेनिल वलारिवन ने अपने-अपने व्यक्तिगत इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीते थे।

भारत अब चीन (छह) और नॉर्वे (चार) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। चीन ने तीन गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं, जबकि नॉर्वे ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पॉइंट टेबल में टॉप स्थान पर है।

# सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की होने जा रही है शादी?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन को लेकर एक खबर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि काव्या जल्द ही शादी करने जा रही हैं. उनके होने वाले पति अनिरुद्ध रविचंदर हैं, जो फेमस म्यूजिक कंपोजर हैं. अब इस पर किसी और की नहीं बल्कि खुद अनिरुद्ध की प्रतिक्रिया आई है. उन्होंने इसकी सच्चाई सबको बता दी है. काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक की बेटी हैं, जो आईपीएल के ऑक्शन से लेकर टीम के हर मैच में नजर आती हैं. 2024 की रनर-अप हैदराबाद इस बार लीग स्टेज से ही बाहर हो गई थी. काव्या की बात करें तो इंस्टाग्राम या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनका कोई आधिकारिक अकाउंट नहीं है. वह सिर्फ आईपीएल मैचों के दौरान ही नजर आती हैं. सोशल मीडिया पर दावा किया गया कि दोनों को एक डिनर डेट पर देखा गया. कहा गया कि पिछले 1 साल से काव्या और अनिरुद्ध डेट कर रहे हैं और जल्द ही शादी करने जा रहे हैं.

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर यूरोप में अपना अपराजेय अभियान जारी रखा



**कोटिंच, एजेंसी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में अपना अपराजेय अभियान जारी रखते हुए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। मेजबान बेल्जियम को लगातार तीन मैच हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम का मैच मुश्किल माना जा रहा था। लेकिन ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज कर भारतीय टीम ने अपनी मजबूती का एहसास कराया और बताया कि बेल्जियम के खिलाफ जीत कोई तुक्का नहीं थी। भारतीय महिला जूनियर टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस दिन जीत हासिल की है, जिस दिन पुरुष और महिला सीनियर टीम को इसी टीम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की जोसी लॉटन ने पांचवें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई। यह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुआ। भारतीय टीम ने सिर्फ तीन मिनट बाद इसका जवाब दिया। नंदिनी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए ही गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत में भारत की उप कप्तान हिना बानो ने 14वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाकर गोल किया और टीम को 2-1 से आगे कर दिया। शेष तीन क्वार्टर में दोनों टीमों ने कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक क्षमता को मजबूत बनाए रखी और निर्धारित समय सीमा में ऑस्ट्रेलिया को गोल का मौका न देते हुए एक शानदार जीत हासिल की। यह दौरे पर भारत की लगातार चौथी जीत है। इससे पहले भारत ने लगातार तीन मैच बेल्जियम के खिलाफ जीते थे। भारतीय टीम 17 जून को इस दौरे का अपना आखिरी मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अपने दौरे का समापन यादगार तरीके से करना चाहेगी।

### दिल्ली जीएम ओपन

# अभिजीत गुप्ता ने चौथा खिताब जीतकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने 10 में से 8.5 अंक हासिल कर एशिया के सबसे प्रतिष्ठित ओपन शतरंज इवेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता। 36 वर्षीय गुप्ता ने 10 राउंड में अजेय रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बेलारूसी जीएम मिहेल निकितेंको पर राउंड 9 में उनकी निर्णायक जीत ने उन्हें बढ़त दिलाई और आईएम अरोण्यक घोष के खिलाफ अंतिम राउंड में ड्रॉ ने उन्हें सीधे खिताब पर पहुंचा दिया।



निकितेंको (2520, बेलारूस) 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भारतीय जीएम दिप्तयान घोष (2573) को टाईब्रेक में पछाड़ दिया। घोष ने तीसरे स्थान पर कब्जा किया, उन्होंने अपने शानदार खेल और जीएम कार्तिक वेंकटरमन पर अंतिम राउंड में महत्वपूर्ण जीत से प्रभावित किया। 8 अंक पर समाप्त होने के बावजूद, आईएम अरोण्यक घोष और जीएम आदित्य एस सामंत टाईब्रेक पर क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। शीर्ष 10 में अनुभवी पेशेवरों और उभरते सितारों का सम्मोहक मिश्रण था। वियतनाम के जीएम गुयेन डुक होआ ने 7.5 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया, उसके बाद भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त जीएम एसएल नारायणन 7वें स्थान पर रहे। अर्मेनियाई जीएम मैमिकोन घारिब्यान और मैनुअल पेट्रोसियन क्रमशः 8वें और 9वें स्थान पर रहे, दोनों ने 7.5 अंक हासिल किए। शीर्ष 10 में किर्गिस्तान के आईएम टोलोगोन टेगिन सेमेटेई भी शामिल रहे, जिन्होंने भी 7.5 अंक हासिल किए - जो टूर्नामेंट के विविधतापूर्ण और प्रतिस्पर्धी क्षेत्र को दर्शाता है। दिल्ली शतरंज संघ द्वारा आयोजित, इस वर्ष के संस्करण में 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 24 ग्रैंडमास्टर शामिल थे, और इसमें 1.21 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड पुरस्कार पूल था। नई दिल्ली में आयोजित इस टूर्नामेंट ने एक बार फिर शीर्ष और उभरते शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया। इस बीच, छतरपुर के टिवोली गार्डन में आयोजित श्रेणी सी में 1,250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कुल पुरस्कार राशि 35 लाख रुपये थी। इस खंड के विजेता तमिलनाडु के दिनेश कुमार एच थे, जिन्होंने 4,00,000 रुपये का शीर्ष पुरस्कार जीता। उनके बाद नैतिक सेठी (3,00,000 रुपये) और सिबी एम (2,00,000 रुपये) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अन्य उल्लेखनीय पुरस्कार विजेताओं में गीतेश फोगट, साई कृष्णा एस. और एजीएम योगेश कुमार गुप्ता शामिल थे, जो भारतीय शतरंज सर्किट की उल्लेखनीय जमीनी ताकत को दर्शाते हैं।

इस ऐतिहासिक संस्करण के समापन के साथ, अभिजीत गुप्ता का चौथा खिताब न केवल एक व्यक्तिगत मील का पत्थर है, बल्कि वैश्विक शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र में भारत के बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण भी है - शीर्ष और जमीनी स्तर दोनों पर।

### भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का फैसला

# चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धा एशिया खेलों के लिए अहम खेलों में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया




में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जापान में 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले को प्राथमिकता वाली स्पर्धाओं में शामिल किया है। एएफआई के शीर्ष अधिकारियों को 19 सितंबर से चार अक्तूबर 2026 तक ऐची-नागोया में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों में इन दोनों स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद है। भारत ने 2018 और 2022 एशियाई खेलों में चार गुणा 100 मीटर के रिले स्पर्धा के लिए टीमों नहीं भेजी थी। एएफआई के पूर्व अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा, एएफआई ने 2026 एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर रिले टीमों को प्राथमिकता वाली स्पर्धा में शामिल किया है। रिले टीमों द्वारा लगातार शानदार प्रदर्शन भविष्य के लिए शुभ संकेत है। इस वर्ष अप्रैल में गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांत होबलीधर और अमलान बोरगोहेन की चार गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 38.69 सेकेंड का समय लेकर 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में बनाए गए 38.89 सेकेंड के एक दशक पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। पिछले एशियाई खेलों में चीन (38.29 सेकेंड), जापान (38.44 सेकेंड), दक्षिण कोरिया (38.74 सेकेंड) ने शीर्ष तीन में जगह बनाई थी। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले में अभिनय राजराजन, श्राबनी नंदा, स्नेहा एसएस और नित्या गंधे की टीम ने हाल ही में दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में 43.86 सेकेंड का समय लेकर रजत पदक जीता।

# स्टीव स्मिथ ने उंगली की चोट पर दिया अपडेट, वापसी की योजना का किया खुलासा



**लंदन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने अपनी चोट और क्रिकेट में वापसी पर अपडेट दिया है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उन्हें उंगली में चोट लग गई थी।

स्मिथ को उम्मीद है कि वे वेस्टइंडीज के खिलाफ कैरेबियाई दौरे पर होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलेंगे। स्टीव स्मिथ के कैच लेने के प्रयास में अपनी उंगली में चोट लग गई और बाद में तीसरे दिन के खेल के दौरान अपनी दाहिनी छोटी उंगली में कम्पाउंड डिस्लोकेशन के बाद उन्हें पास के अस्पताल में एक्स-रे के लिए भेजा गया। स्मिथ के लिए प्रारंभिक रिकवरी काफी अच्छी रही है और 36 वर्षीय खिलाड़ी सर्जरी से बच गए। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ 25 जून से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका है। स्मिथ ने कहा, मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में मैं इसके साथ खेल सकूं।

यह मेरी कार्यक्षमता और मैं क्या कर सकता हूं, इस पर निर्भर करेगा, इसलिए यह शायद सबसे अच्छा परिणाम था जिसकी मैं उम्मीद कर सकता था।

जब दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की गेंद पर गेंद को घेरे में ले लिया, तब स्मिथ हेलमेट पहने हुए पहली स्लिप में खड़े थे और ऑस्ट्रेलिया के इस अनुभवी खिलाड़ी ने उस समय बावुमा के केवल दो रन पर होने के बावजूद मौका गंवा दिया। चूके हुए मौके की कीमत ऑस्ट्रेलियाई टीम को चुकानी पड़ी क्योंकि कप्तान ने 66 रन बनाए और सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के साथ मैच जीतने वाली साझेदारी में अहम भूमिका निभाई।

### आईसीसी ने कर दी घोषणा

# 17 जून से क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेल की परिस्थितियों में बड़े बदलावों की घोषणा की है। टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, वन-डे इंटरनेशनल के लिए 2 जुलाई और टी20 इंटरनेशनल के लिए 10 जुलाई को नियम परिवर्तन लागू किए जाएंगे। इन बदलावों की सिफारिश आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति ने की थी और रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने इन्हें मंजूरी दी थी। मुख्य अपडेट में ओडीआई में गेंदों के इस्तेमाल के बारे में एक नया नियम और कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक अपडेटेड प्रोटोकॉल शामिल है।



**वनडे मैचों में 34 ओवर के बाद सिर्फ एक गेंद का इस्तेमाल**

अब तक वनडे में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद बदलाव होगा। पारी की शुरुआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा।

अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए आईसीसी ने यह बदलाव किया है।

**सभी प्रारूपों में कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए नए नियम**

आईसीसी ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक संरचित बनाया जा सके और मैचों के दौरान किसी भी तरह की उलझन से बचा जा सके। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी।

# भारत-न्यूजीलैंड वनडे और टी-20 सीरीज के शेड्यूल का ऐलान

## 15 साल बाद इस शहर को मिली मेजबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शनिवार (14 मई) को न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी 2026 में होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया। वडोदरा 15 वर्षों से अधिक समय के बाद पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा। न्यूजीलैंड के भारत दौरे की शुरुआत 11 जनवरी को होने वाला पहला वनडे नवनिर्मित कोटम्बी स्टेडियम में होगा, जिसने पहले ही दिसंबर 2024 में भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन महिला वनडे मैचों की मेजबानी की। साथ ही वुमेंस प्रीमियर लीग 2025 के दौरान छह मैचों की मेजबानी की है। वडोदरा ने दिसंबर 2010 में रिलायंस स्टेडियम में अपना आखिरी पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की थी, भारत-न्यूजीलैंड एकदिवसीय मैच की मेजबानी की थी। वर्तमान भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर उस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। उन्होंने शतक बनाया था और विराट कोहली ने नाबाद 63 रन बनाए थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल पहली बार आमना-सामना

न्यूजीलैंड को 2025-26 भारत दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बाद दोनों टीम पहली बार आमने-सामने होंगी। वडोदरा के बाद टीमें गुजरात में रहेंगी। राजकोट में 14 जनवरी को दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। इसके बाद 18 जनवरी को इंदौर में



वनडे सीरीज समाप्त होगी।

### यहां खेली जाएगी टी-20 सीरीज

मध्य-भारत में स्थित नागपुर (21 जनवरी) और रायपुर (23 जनवरी) पहले दो टी20 मैचों की मेजबानी करेंगे। इसके बाद टीमें दौरे के समापन के लिए दक्षिण की ओर जाने से पहले पूर्व की ओर बढ़ेंगी। गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) तीसरे, चौथे और पांचवें टी20 मैचों की मेजबानी करेंगे।

सार समाचार

## बेटी को जन्म देने के बाद महिला की मौत

**भोपाल।** भोपाल के बैरागढ़ में कृष्णानी हॉस्पिटल में एक महिला की बेटी को जन्म देने के दूसरे दिन संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला पूरी तरह स्वस्थ थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने जबरन उसे वेंटिलेटर पर रखा। कुछ ही मिनट में उसकी मौत हो गई। इस दौरान स्टाफ ने परिजनों से बदसलूकी की, जिसका वीडियो भी सामने आया है। टीआई अशोक गौतम ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। सोमवार को पीएम के बाद बॉडी परिजनों को सौंप दी है, डिटेल बयान अभी दर्ज नहीं किए जा सके हैं। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, नेहा खरे (34) पत्नी शानू खरे, जहांगीराबाद की बापू कॉलोनी में रहती थीं। सात साल पहले उनकी शादी हुई थी और उनका पांच साल का बेटा है। शानू नगर निगम में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हैं। 12 जून को नेहा को बैरागढ़ स्थित कृष्णानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 13 जून को ऑपरेशन के जरिए उन्होंने दूसरी बेटी को जन्म दिया। बच्ची बेहद कमजोर थी, इसलिए उसे दूसरे अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती किया गया। इसी बीच रविवार रात नेहा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छोटे भाई को किया था आखिरी कॉल मृतका के भाई विकास ने बताया कि बहन ने आखिरी कॉल उन्हें 15 जून को लगाया था। तब उसने कहा कि मेरा दिल घबरा रहा है। बेटी कहा है, उसे एक बार दिखा दो। भाभी से बोले बच्ची मुझे कैसे भी करके दिखा दें। जन्म देने के बाद से मैने उसे नहीं देखा है। मैने बताया कि कुछ देर में अस्पताल आ रहे हैं। बेटी को दिखा देंगे, उसे दूसरे अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। मैं अस्पताल पहुंचा तब पता लगा कि बहन को वेंटिलेटर पर लिया गया है। कुछ ही देर में उसकी मौत की खबर दी गई। जबरन वेंटिलेटर पर ले जाने के आरोप मृतका के दूसरे भाई विशाल ने बताया कि बहन वेंटिलेटर पर जाने से पूर्व ठीक थी, बातें कर रही थी। जब उसे वेंटिलेटर पर ले जाने को कहा गया तो उसने स्वयं जवाब दिया कि मुझे कोई परेशानी नहीं है। सही महसूस कर रही हूं...मुझे वेंटिलेटर पर नहीं जाना है। तब एक सिस्टर ने उसे जवाब दिया कि तुम जानकार हो कि हम और जबरन बहन को वेंटिलेटर पर लिया गया। इसके बाद वही हुआ जिसका बहन को डर था। मृतका के परिजन ने बताया कि हमें अस्पताल की गतिविधियां संदिग्ध लग रही थीं।

## बीजेपी प्रशिक्षण वर्ग में सीएम डॉ. मोहन ने किया योग

**भोपाल।** पचमढ़ी में बीजेपी के प्रशिक्षण शिविर के तीसरे और अंतिम दिन सोमवार को शिविर के समापन सत्र में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इससे पहले सीएम डॉ. मोहन यादव ने सुबह योग किया। इसका वीडियो भी सामने आया हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पचमढ़ी में योग किया। सीएम ने शीर्षासन, मयूरासन समेत कई दुर्लभ आसन किए। डॉ. मोहन के योगासन देखकर सांसद और विधायक भी हैरान रह गए। इसके बाद उन्होंने चार-पांच विधायकों से कहा, मेरा हाथ झुकाकर दिखाओ। सीएम ने अपनी भुजा फैलाई, लेकिन चार-पांच विधायक भी उनका हाथ नहीं झुका सके। आपको बता दें कि 14 जून से पचमढ़ी के होटल ग्लेन व्यू में इस वर्ग की शुरूआत हुई थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया था। पहले दिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सत्रों को संबोधित किया था। दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा सहित तमाम सीनियर नेताओं ने सत्रों को संबोधित किया था।

## राज्यपाल से सौजन्य भेंट की छत्तीसगढ़ में सिकल सेल के अनुभवी चिकित्सकों ने

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से छत्तीसगढ़ में सिकल सेल उन्मूलन क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सक डॉ. ए.आर. डल्ला ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने सिकल सेल रोग, जांच, उपचार और प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर पारस्परिक रूप से विचार विनिमय किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी संकल्प सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजभवन में मुख्यमंत्री, मंत्री परिषद् के सदस्यों और सिकल सेल रोग के विशेषज्ञों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा कर मिशन का गठन किया गया। मध्यप्रदेश में सिकल सेल उन्मूलन मिशन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शुभारंभ किया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रचुर मात्रा में वनौषधि की उपलब्धता है। इस तथ्य के परिप्रेक्ष्य में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों में आयुष औषधियों की उपयोगिता के परीक्षण का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रयास है कि जनजाति समुदाय को जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से आयुष दवाएं कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध हो। प्रदेश में तीव्र गति से चल रहे सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य, निःशुल्क जाँचे, रक्ताधान, औषधि वितरण आदि कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल ने बताया कि राजभवन द्वारा प्रदेश के समस्त रेडक्रॉस जिला ईकाइयों को सिकल सेल जाँच, उपचार और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। पेसा ग्राम पंचायत के माध्यम से जनजाति समुदाय में सिकल सेल जन जागृति का व्यापक स्तर पर प्रसार हुआ है।

# मप्र में जल्द लागू होगा स्मार्ट पीडीएस सिस्टम

### 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई केवायसी पूरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार स्मार्ट सार्वजनिक वितरण प्रणाली लागू करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। इस व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी अनिवार्य की गई है। एमपी में 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी हैं। जून महीने में 100 प्रतिशत हितग्राहियों को जोडने का लक्ष्य हैं। प्रदेश में चलाए जा रहे ई-केवाईसी अभियान के अंतर्गत अब तक 1 करोड़ 11 लाख हितग्राहियों की ई-केवाईसी कराई जा चुकी है। प्रदेश के कुल 5.32 करोड़ हितग्राहियों में से 4.74 करोड़ हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है, जो कुल संख्या का 89 प्रतिशत है। यह उपलब्धि प्रदेश की प्रशासनिक तत्परता और जनभागीदारी का प्रमाण है। 54.8 लाख शेष हितग्राहियों के लिए विशेष अभियान खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश में अभी भी 54.8 लाख पात्र हितग्राही ऐसे हैं जिनकी ई-केवाईसी बाकी है। इन्हें जोडने के लिए जून माह में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसे लिए सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम और वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन करते हुए शेष हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूरी कराई जाए। अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने सभी संभागायुक्तों और कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि वे इस अभियान को अपनी



प्राथमिकता सूची में सर्वोपरि रखें और सभी आवश्यक मानव संसाधनों, तकनीकी उपकरणों व जागरूकता गतिविधियों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। अभियान की मॉनिटरिंग प्रतिदिन स्तर पर की जाएगी।

### मोबाइल ऐप से घर बैठे ई-केवाईसी की सुविधा

*राज्य सरकार ने हितग्राहियों की सुविधा और डिजिटल पहुंच को ध्यान में रखते हुए मेरा ई-केवाईसी नामक मोबाइल एप लांच किया है। यह एप एंड्रॉयड आधारित सभी स्मार्टफोनों पर उपलब्ध है और इसे गूगल प्ले स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। इसके माध्यम से कोई भी हितग्राही, चाहे वह वृद्ध हो, दिव्यांग हो या ग्रामीण अंचल में रहने वाला हो, अपने आधार नंबर और ओटीपी दर्ज करके घर बैठे खुद और अपने परिवारजनों की ई-केवाईसी कर सकता है।*

### मंत्री ने जनता से की ये अपील

*खाद्य मंत्री ने प्रदेश के समस्त राशन पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी ई-केवाईसी पूरी करें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी न केवल तकनीकी अनिवार्यता है, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि वास्तविक पात्र हितग्राही को उसका पूरा हक समय पर और बिना किसी बाधा के प्राप्त हो। मेरा ई-केवाईसी एप और शिविरों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं।*

# अब ऑनलाइन काम-काज करेंगे विधायक

### डिजिटल होगी विधानसभा: ई-ऑफिस से ई-विधान तक सबकुछ होगा ऑनलाइन

**भोपाल।** मप्र विधानसभा का मॉनूसन सत्र जुलाई माह के आखिरी सप्ताह में होने की उम्मीद है। इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव चर्चा कर विधानसभा के मॉनसून सत्र के संबंध में निर्णय करेंगे। उधर विधानसभा सचिवालय विधानसभा में ई-विधान को लेकर तैयारी कर रहा है। इसके लिए कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण की खरीदी की जा रही है। ई-विधान के तहत प्रदेश के विधानसभा की पूरी कार्यवाही डिजिटल हो जाएगी। इसमें विधानसभा से जुड़ी कार्यवाही की पूरी जानकारी और दस्तावेज विधायकों को ऑनलाइन ही उपलब्ध कराई जाएगी। विधायकों को प्रश्न से जुड़े जवाब, विधानसभा में पेश होने वाले बिल, अलग-अलग विषयों पर होने वाली डिबेट से जुड़ी जानकारियां भी डिजिटली मिलेंगी। विधायकों द्वारा लगाए जाने वाले सवालों के तमाम जवाब ऑनलाइन ही मगाए जाएंगे।



इसको लेकर सभी विभागों को इसके संबंध में निर्देश दे दिए गए हैं। विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के मुताबिक ई विधान को लेकर प्रक्रिया चल रही है। मप्र विधानसभा के मॉनसून सत्र में इस बार विधायकों को अपने सवाल-जवाब का मौका तो मिलेगा, लेकिन इसके पहले सभी विधायकों की विधानसभा में स्पेशल क्लॉस भी लगाने की तैयारी की जा रही है। इसमें विधायकों को ऑनलाइन वर्किंग को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी। दरअसल, विधानसभा की पूरी वर्किंग जल्द ही ऑनलाइन होने जा रही है। इसमें सदन का पूरा कामकाज पेपरलेस होगा। विधानसभा सचिवालय पहले ही विधायकों को सदन में सवाल पूछने के लिए सचिवालय को ऑनलाइन तरीके से सवाल भेजने का ऑप्शन दे चुकी है। विधानसभा के ऑनलाइन होने के बाद विधायकों को काम में परेशानी न हो इसके लिए उन्हें ऑनलाइन वर्किंग का पूरा ककहरा सिखाया जाएगा। विधानसभा को दी जाएगी ट्रेनिंग ई विधान लागू करने के पहले सभी विधायकों को इससे जुड़ी तकनीकी जानकारियों से रूबरू कराया जाएगा। इसके लिए विधानसभा के मॉनसून सत्र में सभी विधायकों के लिए ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। इसमें विधानसभा की कार्यवाही से फ्री होने के बाद विधायक ई विधान के तकनीकी पहलुओं की ट्रेनिंग ले सकेंगे। यह सब मशक्कत ऑनलाइन वर्किंग के लिए ट्रेड करने की है। प्रयास है कि सदन का पूरा काम-काज ऑनलाइन हो। पेपरलैस

### पूरा काम काज हो जाएगा ऑनलाइन

असल में यहां ई-विधान लागू किया जाना है। इससे सदन का पूरा काम काज ऑनलाइन हो जाएगा। विधायकों के हाथ में पेपर, पुस्तक के स्थान पर आईपैड होगा। इसी पर पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। सिंगल क्लिक पर जानकारी मिल जाएगी। विधायकों को इसी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हमारी विधानसभा अधिक पढ़ी-लिखी है। ग्रेजुएट सर्वाधिक हैं। ग्रेजुएट प्रोफेशनल की बात करें तो ऐसे विधायकों की संख्या 35, पोस्ट ग्रेजुएट 70 हैं। शिक्षित मात्र दो हैं। सदन के आधे से ज्यादा विधायक हाईटेक हैं। वे कप्यूटर, मोबाइल फ्रेंडली हैं। इससे ऑनलाइन वर्किंग में इन्हें दिक्कत नहीं है। अन्य के लिए विशेष प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

## युवा कांग्रेस के चुनाव में मतदान का बिगुल बजा

**भोपाल।** कांग्रेस के युवा संगठन युवा कांग्रेस के चुनाव में मतदान का बिगुल बज गया है। अब घोषित किए गए कार्यक्रम के अनुसार 20 जून से 19 जुलाई तक मतदान होगा। युवा कांग्रेस के चुनाव में विभिन्न पदों के लिए दावेदारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जाने, इन नामांकन पर दावे-आपत्ति बुलाए जाने और उनका निराकरण कर प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी करने का काम हो गया है। अब मतदान के कार्यक्रम की घोषणा का इंतजार किया जा रहा था। वैसे तो सभी को यह उम्मीद थी कि 16 जून से ही इस चुनाव का मतदान शुरू हो जाएगा। 15 जून की शाम को इस चुनाव को लेकर यह घोषणा की गई है कि युवा कांग्रेस का सदस्यता और मतदान अभियान 20 जून से शुरू होगा। इस दिन सुबह 9 बजे से इस कार्य की शुरूआत होगी, जो कि 19 जुलाई को शाम 5 बजे तक चलेगा। इस चुनाव के माध्यम से ही युवा कांग्रेस के सभी पदों पर पदाधिकारी का निर्वाचन होगा। 50 में मिलेगी सदस्यता और दे सकेंगे 6 वोट युवा कांग्रेस के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार किसी भी युवा को सदस्य बनने के लिए 50 की राशि चुकाना पड़ेगी। यह राशि जमा कर सदस्य बनने के तत्काल उपरांत संबंधित व्यक्ति मतदान कर सकेगा। ऐसे हर सदस्य को छह पदों के लिए वोट देने का अधिकार होगा। इस व्यक्ति द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष, असेंबली प्रेसीडेंट, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महासचिव के पद के लिए मतदान किया जाएगा। यह पूरा मतदान ऑनलाइन होगा। मतदान 20 जून को समाप्त होने के पश्चात मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# सरकारी महकमे से उठी मांग

### भ्रष्टों पर सरकारी भत्ते की मौज हो बंद, तब रुकेंगे रिश्वतखोरी के मामले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को रोकना सरकार के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। बीते साल के आंकड़े बताते हैं कि लोकायुक्त टीम ने 238 मामलों में रंगे हाथों रिश्वतखोरों को पकड़ा। बीते छह माह में 100 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। बड़ी बात यह है कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को लेकर शिकायतों के अलग-अलग मंचों पर पीड़ितों के आवेदनों की संख्या दो हजार के भी पार है। प्रदेश को भ्रष्टाचार की जद में देख प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी कर्मचारी संगठन ने बड़ी मांग सरकार से की है। यह मांग है निर्वाह भत्ता बंद करने की। यह वहीं भत्ता है जो निलंबन के बाद संबंधित दोषी अधिकारी-कर्मचारी को दिया जाता है। इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र भी लिखा गया है। तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि प्रदेश में भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोर सरकारी मुलाजिमों पर सरकार उपकार करती है। पहले तो शिकायतों पर कार्रवाई कर निलंबन फिर निर्वाह भत्ता भी सरकार ही देती है। यह संबंधित दोषी कर्मचारी या अधिकारी को जीवन यापन के लिए दिया जाता है। निलंबन सजा के दौर किया जाता है तो निर्वाह भत्ता की आवश्यकता क्यों। उमाशंकर तिवारी ने यह



भी बताया कि इस भत्ते के कारण भ्रष्टों पर कोई असर भी नहीं पड़ता। साथ ही रिश्वतखोरी को बढ़ावा मिलता है। दूसरी बात यह भी कि रिश्वतखोर या भ्रष्टाचारी का खुलासा तब होता है जब इसका खुलासा होता है। जबकि सालों तक ऐसे ही भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी लूट करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भत्ता की रकम जनता की पसीने की कमाई से ही सरकार के द्वारा दी जाती है। लिहाजा किसी भ्रष्टाचारी को जनता के हिस्सा का पैसा आखिर क्यों दिया जाए। क्या होता है निर्वाह भत्ता यदि निलंबन 90 दिनों के लिए है, तो कर्मचारियों को उनके वेतन का 50 प्रतिशत निर्वाह भत्ते के रूप में मिलता है। यदि यह निलंबन 90 दिनों से अधिक समय तक जारी रहता है तो निर्वाह भत्ता वेतन का 75 प्रतिशत होगा। निर्वाह भत्ते में एसआरए, महंगाई भत्ता या कोई अन्य विशेष वेतन जैसे भत्ते शामिल नहीं हैं।

# अब हाथियों की भी होगी अपनी एक पहचान

### मप्र में आईडी कार्ड लटका कर घूमेंगे हाथी

**भोपाल।** मप्र टाइगर और लैपर्ड स्टेट के रूप में प्रसिद्ध रहा है। प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बाघों की पहचान और उनके व्यवहार के आधार पर कई बाघों को नाम भी दिया जाता रहा है, लेकिन अब इससे आगे बढकर मध्य प्रदेश वन विभाग जंगलों में घूम रहे एक-एक जंगली हाथी की आईडी बनाने जा रही है। इसके लिए एलीफेंट आईडी परियोजना शुरू की गई है। इसमें सभी नर और मादा हाथियों की तस्वीर खींची जाएगी और इसके आधार पर उनकी पहचान निर्धारित कर उनकी आईडी तैयार की जाएगी इसमें हाथी की फोटो भी होगी। प्रदेश के जंगलों में हाथियों की संख्या बढ़ रही है। ओडिशा



से छत्तीसगढ़ होते हुए मध्य प्रदेश के जंगलों में हाथियों का झुंड पहुंचा और बाद धीरे-धीरे अब यह प्रदेश के जंगलों में ही रूक गए। प्रदेश के बांधवगढ़ नेशनल पार्क में हाथियों का झुंड लंबे समय से घूम रहा है। हालांकि वन्य जीव विशेषज्ञ हाथियों के इस मूवमेंट का पुराना कॉरिडोर बताते हैं। प्रदेश के टाइगर रिजर्व में बढ़ती हाथियों की संख्या को देखते हुए अब वन विभाग इन सभी हाथियों की एलीफेंट आईडी बनाने जा रही है। यह आईडी ठीक वैसी ही होगी, जैसी बाघों की पहचान के लिए उनकी आईडी बनाई जाती है। **इस तरह बनाई जाएगी हाथियों की आईडी-** वन्यजीव विशेषज्ञ सुदेश वाघमारे बताते हैं कि जिस तरह बाघों की पहचान कुछ विशेष लक्षण देखकर की जाती है, इसी तरह हाथियों की आईडी भी कुछ विशेष लक्षणों को देखकर तैयार की जाती है।

## कांग्रेसी होकर भी आरएसएस से जुड़ा हूं

**भोपाल।** आगर-मालवा की सुसनेर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक भैरो सिंह परिहार ने खुले मंच से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफ की है। उनका एक वीडियो सामने आया है, इसमें वे कहते दिख रहे हैं कि वे कांग्रेसी होते हुए भी संघ से जुड़े हैं। इस वीडियो को बीजेपी ने तंज कसते हुए एक्स पर शेयर किया और राहुल गांधी को टैग करते हुए लिखा कि जिस संघ को राहुल गांधी दिन-रात कोसते हैं, उसी संघ से कांग्रेस के विधायक जुड़े हुए हैं और उसकी प्रशंसा कर रहे हैं।

## मंदिर पर पड़ा चोरो का साया 25 हजार की नगदी ले गये बदमाश

**भोपाल।** हबीबगंज थाना इलाके में स्थित केसरी नंदन मंदिर से अज्ञात बदमाश 25 हजार की नगदी चुराकर ले गया। हैरानी की बात यह है, कि मंदिर की जिस अलमारी से चोरी हुई है। उसमें रखा चांदी का छत्र, मुकुट और चांदी को लोटा सहित दानपेटी सुरक्षित मिली। पुलिस के अनुसार कृष्णकांत द्विवेदी (45) ने बताया की वह मूलत-रीवा के रहने वाले हैं, और ऋषि नगर झुग्गी में रहते हैं। वे तरुण पुस्कर के पास केसरी नंदन मंदिर के पुजारी हैं। शुक्रवार रात करीब 10 बजे वह मंदिर के गेट पर ताला लगाकर घर चले गए।

## डिवाइडर से टकराई बाइक युवक की मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में जहॉ डिवाइडर से टकराने की घटना में एक युवकी की मौत हो गई वहीं सूखीसेवनिया पुलिस ने इलाके में स्थित जंगल से एक वृद्ध की लाश बरामद की है। पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय रवि अहिरवार बिलखिरिया में रहता था, और पीओपी का काम करता था। बीती रात वह काम निपटाने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में गणेश ढाबे के पास उसकी बाइक अचानक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई।

# शीलिंग ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा आयोजित 'क्रिएटिव टैलेंट शोकेस 2025' के ग्रैंड फिनाले में बच्चों ने दिखाया अद्भुत हुनर

छतरपुर । शीलिंग ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा आयोजित क्रिएटिव टैलेंट शोकेस 2025 के भव्य ग्रैंड फिनाले में बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर चयनित प्रतिभागियों ने नृत्य, गायन, वाद्य संगीत और अभिनय जैसी विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ दीं। ग्रैंड फिनाले के विजेता प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं । प्रथम स्थान (नृत्य) :परी नामदेव, द्वितीय स्थान (स्टोरी टेलिंग) : प्रषा जैन, तृतीय स्थान (स्टोरी टेलिंग) : उमेजा फातिमा एवं टैलेंट शोकेस (विविध प्रस्तुतियाँ) : श्रेयस गुप्ता विजेताओं को शील्ड और प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे टीवी व बॉलीवुड चाइल्ड स्टार माही सोनी (मुंबई) और प्रसिद्ध गायक एवं म्यूज़िक डायरेक्टर मनु खरे । विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी रामकिशोर नगरिया, पार्षद शिवानी चौरसिया, बुंदेली गायक राजेश तिवारी (संचालक, पूनम संगीत महाविद्यालय), अटल शुक्ला (नादब्रह्म संगीत विद्यालय), कोरियोग्राफर अनिल सोनी (संचालक, सोनिया डांस क्लास), सुरेश नगरिया, लायन नर्वदा प्रसाद तिवारी (सीएमडी, राइवल ग्रुप ऑफ एजुकेशन), लायन शैलेन्द्र अग्रवाल, दीप्ति पटेरिया वैश्य महासम्मेलन से शंकर सोनी, विकास सोनी (मुंबई), मनीष ताम्रकार, प्रकाश जैन, धर्मेन्द्र गुप्ता, राधेश्याम सोनी (रत्ना पैथोलॉजी), गौरव अग्रवाल, लायन डॉ. कृष्ण कुमार रावत, लायन सुनील अग्रवाल, लायन राजेन्द्र अग्रवाल गहोई यूथ क्लब से निक्की बरसैया, सी.ए. उमेश बरसैया, सोनू गुप्ता, रवि नीखरा, के.के. ब्रजपुरिया, अखलेश खरया, राकेश खरया, कपिल गुप्ता और विद्यालय के कक्षा 12वीं टॉपर एवं हश्वश्वञ्ज चयनित छात्र शुभ सोनी शामिल रहे। निर्णायक मंडल में शामिल थे- गायक व म्यूज़िक डायरेक्टर मनु खरे, मेहनाज़ खान, शैलेन्द्र वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, खुशबू रैकवार, राज गुप्ता, नृत्य प्रशिक्षिका निहारिका





गोस्वामी, डॉ. सुप्रिया गुप्ता तथा कामिनी राजपूत, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। मनु खरे द्वारा प्रस्तुत विविध गायन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फादर्स डे के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बॉलीवुड चाइल्ड स्टार माही सोनी (मुंबई) एवं होनहार छात्रा पारुषी त्रिपाठी द्वारा पिता को समर्पित भावनात्मक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सोनिया डांस क्लास के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा और खाटू श्याम पर आधारित नृत्य नाटिकाओं ने मंच को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। अन्य नृत्य प्रस्तुतियों में सोनिया डांस क्लास से जानवी पटेल, मीरा कुशवाहा, सुमित कुशवाहा, लवेंद्र पटेल, नक्ष गुप्ता, सान्वी भार्गव (श्री बालाजी डांस क्लास), दिशा नायक, मान्या पटेरिया और माही सोनी के भाई-बहन ने दर्शकों खूब तालियाँ बटोरी। अनंत पाण्डेय द्वारा बनाई गई चार्ली चैपलिन की पेंटिंग अत्यंत सराहनीय रही , वहीं वैदेही मिश्रा की गायन प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लकी ड्रा में सान्वी भार्गव विजेता रहीं, जिन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किए गए। साथ ही विशिष्ट अतिथियों एवं निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया, जिससे दर्शक घर बैठे भी इस भव्य आयोजन का आनंद ले सके। इस आयोजन को सफल बनाने में ऑफिस सुपरिंटेंडेंट सुषमा दुबे के साथ मीनाक्षी शुक्ला, शोभा जैन, सीमा अहिरवार, रेशु अरजरिया, समीक्षा तिवारी, मोहिनी खरे, मुस्कान, अरविंद तिवारी, मुकेश कुमार एवं राजकुमार अनुरागी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ शिक्षिका संध्या श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## श्री मतँगेश्वर महादेव जी के प्रांगण मे सी आई एस एफ के जवानों ने किया योगाभ्यास

छतरपुर। हर वर्ष की भांति विश्व योग दिवस पर खजुराहो एयरपोर्ट पर सुरक्षा मे तैनात सी आई एस एफ के जवानों द्वारा योग का कार्यक्रम रखा जाता है जिसमे मतँगेश्वर सेवा समिति के सदस्य भी उपस्थित रहते हैं, योग प्रशिक्षक निरुपम गोगोई ने बताया कि योग की अनेक विशेषताएं हैं, जिनमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ शामिल हैं। यह शारीरिक फिटनेस, लचीलापन, और शक्ति को बढ़ाता है। योग तनाव कम करने, मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में सुधार करने, और बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद करता है इसके अतिरिक्त, योग ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है, वजन प्रबंधन में सहायता करता है, और प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देता है, इस योग कार्यक्रम मे महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया यह कार्यक्रम खजुराहो के सभी प्रमुख मंदिरों मे किया जाता है विशेष रूप से शुश्री उर्वशी साव, खजुराहो निरीक्षक परमानन्द वर्मा, हरेराम पाशवान जी, एवं सी आई एस एफ के अन्य सदस्य बल उपस्थित रहे योग एवं अध्यात्म प्रेमी पंडित सुधीर शर्मा ने खजुराहो मे योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सी एस आई एफ के जवानों को धन्यवाद एवं साधुवाद दिया ।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक,मुद्रक,एवं संपादक, कल्याण मल जैन द्वारा समता प्रिंटर्स , बी-15 प्रेस कापलेस, जोन-1 एमपीनगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित कराकर शॉप नबर 3 एस के टॉवर , अल्पना टॉकीज के पीछे भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक- कल्याण मल जैन , मो.8349212122, स्थानीय संपादक-कथक मल जैन। समाचार चयन के लिए पीआरबी एट के तहत जिमेदार (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा। ) RNI.NO.MPHIN/2013/54854